अमृत विचार
बरेली, रविवार,22 फरवरी 2026



## सिटी ब्रीफ

### बरेली मोड़ पर सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शनिवार की सुबह पांच बजे बरेली मोड़ पर पुल के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति वाहन से टकराकर घायल हो गया। पुलिस ने उसे अस्पताल भेज दिया। डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र करीब 60 साल है। शव की शिनाख्त नहीं हो पायी है। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में घूमकर भीख मांगा करता था और मंद बुद्धि का था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### हाईवे पर सड़क हादसे में पांच लोग घायल

**सिधौली, अमृत विचार :** क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग नायरा पेट्रोल पंप के सामने दो चार पहिया वाहनों की टक्कर हो गयी, जिससे पांच लोग घायल हो गए। क्षेत्र के गांव सैजना निवासी रामकुमार के यहां से भतीजे की बरात निगोही जा रही थी। बारात में शामिल कुछ लोग एक चार पहिया वाहन से जा रहे थे। तभी पेट्रोल पम्प के सामने शाहजहांपुर की ओर से आ रही अर्टिगा कार ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में सैजना निवासी सर्वेश और रामनिवास गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पिंकू और अमर सिंह को मामूली चोटें आईं। दूसरी कार में सवार बिशाल शर्मा निवासी मोहल्ला प्रसादपुर सम्भल भी घायल हो गए। घायलों को अस्पताल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि दो लोगों को गम्भीर चोटें आई है।

# ग्राम पंचायत दाउदपुर उर्फ मुरादगांव में बनेगा मुख्यमंत्री माडल विद्यालय

## शासन से मिली स्वीकृति, 24.68 करोड़ की धनराशि से निर्मित होगा विद्यालय भवन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कार्य की विशिष्टियां मानक व गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी : बीएसए

**अमृत विचार :** विकास खण्ड भावलखेड़ा के ग्राम पंचायत दाउदपुर उर्फ मुरादगांव में द्वितीय मुख्यमंत्री माडल कम्पोजिट विद्यालय बनेगा। इसके लिए शासन स्तर से स्वीकृति मिल गई है। विद्यालय भवन 24 करोड़ 68 लाख पचास हजार की धनराशि से निर्मित होगा।

उत्तर प्रदेश शासन के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी के पत्र के हवाले से बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि विकास खण्ड भावलखेड़ा, ग्राम दाउदपुर उर्फ मुरादगांव में मुख्यमंत्री माडल कम्पोजिट विद्यालय प्री-प्राइमरी से कक्षा-12 तक के निर्माण के प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग के परीक्षणोपरान्त आंकलित लागत 2467.50 लाख रुपये चौबीस करोड़ सड़सठ लाख पचास हजार की धनराशि खर्च की जाएगी। इसके लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा उक्त के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में 50 प्रतिशत की धनराशि यानी 1233.75 लाख रुपये बारह करोड़ तैंतीस लाख पचहत्तर हजार मात्र की धनराशि अवमुक्त कर व्यय किए जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

बीएसए ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से डीएम ने 14 फरवरी 2025 में शासन को विद्यालय का प्रस्ताव भेजा था। जिसे अब शासन ने स्वीकृति प्रदान कर दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन 2.745 वर्ग मीटर में बनेगा। प्रायोजना का निर्माण कार्य नामित कार्यदायी संख्या उप्र प्रोजेक्ट कार्पोरेशन लिमिटेड लखनऊ से कराया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों एवं समय-समय पर शासन से निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा। कार्य की विशिष्टियां मानक व गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी तथा यह भी सुनिश्चित करेंगे कि कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाए। धनराशि जिस कार्य/ मद में स्वीकृत की जा रही है, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/ मद में किया जाएगा। लेबर सेस की धनराशि नियमानुसार श्रम विभाग को भुगतान किया जायेगा। प्रायोजना का कार्य अनुमोदित लागत में ही यथाशीघ्र पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाए तथा भविष्य में योजना का कोई भी पुनरीक्षण स्वीकार नहीं होगा।

> यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जायेगा कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य के लिए पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्ययोजना में सम्मिलित है। प्रायोजना में कोई उल्लेखनीय परिवर्तन जैसे-नये कार्य बढ़ाना, प्रस्तावित कार्यों के आकार में वृद्धि एवं अन्य उच्च विशिष्टियां इस्तेमाल करना आदि सक्षम स्तर का पूर्व अनुमोदन प्राप्त किए बिना नहीं किया जाएगा। **-दिव्या गुप्ता, बीएसए**



## विद्यार्थियों के लिए हुआ वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डायट ददरौल में शिक्षक एवं विद्यार्थियों के लिए वित्तीय साक्षरता एवं निवेशक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को वित्तीय योजना, सुरक्षित निवेश एवं निवेशकों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में सेबी स्मार्ट ट्रेनर अमित सक्सेना ने वित्तीय प्रबंधन के मूल सिद्धांत, निवेश से जुड़े जोखिम, सुरक्षित निवेश के विकल्प तथा धोखाधड़ी से बचाव संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रदान की। सत्र को संवादात्मक रखा गया, जिससे शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता करते हुए अपने प्रश्नों के माध्यम से विषय को बेहतर समझा। डायट प्राचार्या सोनिया गुप्ता के निर्देशन में हुए कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रवक्ता टीआर गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि वित्तीय रूप से जागरूक नागरिक ही सशक्त समाज के निर्माण में योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम को ज्ञानवर्धक एवं उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# विशेष अभियान दिवस आज मतदाता सूची होगी अपडेट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बूथ पर पहुंचकर नाम जोड़ें-सुधारें, बीएलओ रहेंगे मौजूद
- सुबह 10:30 से 1:30 बजे तक हर मतदेय स्थल पर रहेगा इंतजाम

**अमृत विचार:** मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और गलतियां ठीक कराने के लिए 22 फरवरी 2026 को जिला के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। यह अभियान भारत निर्वाचन आयोग के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत चलाया जा रहा है। इससे पहले 11 जनवरी, 18 जनवरी और 31 जनवरी 2026 को भी ऐसे अभियान दिवस आयोजित किए जा चुके हैं। अब 22 फरवरी को चौथा विशेष अभियान दिवस होगा।

हर मतदेय स्थल पर सुबह 10:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहेंगे। उनके पास 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित मतदाता सूची की प्रति और फॉर्म 6, 6ए, 7 व 8 उपलब्ध रहेंगे। हर मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क भी बनाई जाएगी, जहां लोगों को फॉर्म भरने में मदद मिलेगी। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य स्तर के राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट से भी सहयोग लिया जाएगा। सभासद, ग्राम प्रधान और स्वयंसेवकों को भी अभियान में जोड़ा जाएगा। अधिकारी अलग-अलग बूथों का दौरा कर व्यवस्था पर नजर रखेंगे। लोगों से अपील की गई है कि 22 फरवरी को अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची में अपना और परिवार के सदस्यों का नाम जरूर जांच लें। जिनका नाम सूची में नहीं है और जिनकी उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, वे फॉर्म-6 भरकर बीएलओ को दे सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। इसके लिए ईसीआईनेट मोबाइल एप या पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी-अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि मतदाता सूची में नाम, पता या अन्य किसी तरह की गलती है तो उसे ठीक कराने के लिए फॉर्म-8 भरा जा सकता है।

## आलू किसानों को मिलेगी सहूलियत, कोल्डस्टोर का वित्त मंत्री ने किया उद्घाटन



कोल्ड स्टोर का शुभारंभ करते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शनिवार को ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित के चाचा रिटायर्ड कृषि निदेशक अनिल दीक्षित के खुटार पुवायां रोड स्थित कोल्ड स्टोर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख नमित दीक्षित ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि मंत्री सुरेश कुमार खन्ना विशिष्ट अतिथियों का माला पहनकर और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक चेतराम ददरौल विधायक अरविंद सिंह, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीसी राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र मिश्रा, बंडा ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश, निगोही ब्लाक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, सौरभ सिंह सोमवंशी, अंशुल सिंह चौहान, वैभव खन्ना, रजनीश दीक्षित, अनिल दीक्षित, तरुण दीक्षित, ज्ञानेश दीक्षित, विजय शंकर अवस्थी, जयशंकर अवस्थी, आशुतोष दीक्षित, सचिन दीक्षित, देवेश गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# हाईस्कूल में 804, इंटर में 115 गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- दूसरी पाली इंटर इतिहास में 1832 परीक्षार्थी हुए शामिल
- पांच टीमों ने किया बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**अमृत विचार :** यूपी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा में शनिवार को सचल दल की पांच टीमों ने दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

सचल दल नंबर चार के प्रभारी पीएम श्री जीआईसी शाहजहांपुर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने दूसरी पाली में नगर क्षेत्र के एसपी कालेज, इस्लामिया इंटर कालेज, आर्य महिला इंका, देवी प्रसाद इंटर कालेज समेत चार केंद्रों का निरीक्षण कर परीक्षा की शुचिता को परखा। कंट्रोल रूम प्रभारी संजय मौर्य ने बताया कि पहली पाली में 122 केंद्रों पर हाईस्कूल गृह विज्ञान परीक्षा में पंजीकृत 14316 में से 13512 ने परीक्षा दी। जबकि 804 छात्र अनुपस्थित रहे। इसी तरह 07 केंद्रों पर इंटर व्यावसायिक परीक्षा में पंजीकृत 313 छात्रों में से 310 परीक्षा में बैठे। जबकि 03 छात्र अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 92 केंद्रों पर इंटर की इतिहास परीक्षा में पंजीकृत 1944 छात्रों में से 1832 परीक्षा में बैठे। जबकि 112 छात्र अनुपस्थित रहे। कंट्रोल रूम प्रभारी के मुताबिक शनिवार को सचल दल नं एक, दो, तीन, चार व छह ने कलान, मिर्जापुर, कटरा, मदनापुर, तिलहर तथा नगर क्षेत्र के कुल 25 परीक्षा केंद्रों का मुआयना कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया।

### जेडी कार्यालय से आए अधिकारी ने किया संस्कृत बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण

- क्रिश्चियन गर्ल्स व काकोरी शहीद इंका में चल रही है परीक्षा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उप्र संस्कृत शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में शनिवार को तीसरे दिन जेडी कार्यालय से आए अधिकारी ने काकोरी शहीद इंटर कालेज जलालाबाद केंद्र का निरीक्षण किया। संस्कृत परीक्षा यहां शहर में क्रिश्चियन गर्ल्स इंटर कालेज और जलालाबाद में काकोरी शहीद इंटर कालेज केंद्रों पर कराई जा रही है। जलालाबाद में तीसरे दिन 60 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। जलालाबाद में काकोरी शहीद इंटर कालेज में प्रथम पाली में पंजीकृत 227 में से 170 छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि 57 छात्र अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में पंजीकृत 52 छात्रों में से 49 ने परीक्षा दी तथा 3 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। शनिवार को संस्कृत परीक्षा को देखने बरेली के संयुक्त निदेशक मंडलीय कार्यालय से जसवंत सिंह यहां जलालाबाद केंद्र पर पहुंचे। उन्होंने परीक्षा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। साथ ही परीक्षा बोर्ड नियमों के अनुसार कराने के निर्देश भी दिए। डीआईओएस हरिवंश कुमार ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को जलालाबाद परीक्षा केंद्र पर शाम 4.45 बजे निरीक्षण किया था। जिले में कुल 438 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड हैं। संस्कृत बोर्ड की परीक्षाएं 28 फरवरी तक कराई जाएंगी।

## भाजयुमो ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एआई समिट में कथित हंगामे के विरोध में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका। युवा मोर्चा ने कांग्रेस पर देश की तकनीकी उन्नति में बाधा डालने का आरोप लगाया। शुक्रवार को कचहरी चौराहे पर भाजयुमो ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री रुद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। रुद्र लक्ष्मीकांत अवस्थी ने कहा कि जब देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक क्षेत्रों में वैश्विक पहचान बना रहा है, तब ऐसे आयोजनों में व्यवधान उत्पन्न करना निंदनीय है। महानगर महामंत्री अर्जुन सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रॉबिन तिवारी, शाश्वत श्रीवास्तव, ददरौल मंडल अध्यक्ष व्यवहार शर्मा और चौक मंडल अध्यक्ष आयुष शंखधर सहित युवा मोर्चा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सूचना आयोग ने शासन को जारी किया नोटिस

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- आरटीआई पर जानकारी न देने पर प्रमुख सचिव तलब

**अमृत विचार:** आरटीआई कार्यकर्ता शाहनवाज़ अंसारी ने 22 नवंबर 2024 को जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 के तहत मुख्यमंत्री कार्यालय को दो बिंदुओं पर जानकारी मांगते हुए आवेदन भेजा था। तय समय सीमा में सूचना न मिलने पर 26 दिसंबर 2024 को प्रथम अपील दाखिल की गई। इसके बाद भी जवाब न मिलने पर 27 जनवरी 2025 को राज्य सूचना आयोग लखनऊ में द्वितीय अपील की गई।

मामले की सुनवाई के दौरान सूचना आयोग ने मुख्यमंत्री कार्यालय के जन सूचना अधिकारी को तलब कर जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सुनवाई में मुख्यमंत्री कार्यालय के उप सचिव-जन सूचना अधिकारी ने उपस्थित होकर बताया कि संबंधित सूचना देने के लिए प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन को निर्देशित किया गया है। 16 दिसंबर 2025 को दोबारा सुनवाई हुई, लेकिन न तो कोई अधिकारी उपस्थित हुआ और न ही मांगी गई जानकारी दी गई। सूचना आयुक्त ने प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सूचना का अधिकार अधिनियम की धारा-20 के तहत अर्थदंड लगाने की चेतावनी दी है। साथ ही 26 फरवरी को स्वयं उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। शाहनवाज़ अंसारी ने बताया कि सूचना न मिलने पर उन्होंने आयोग की शरण ली थी।

# चांदापुर में लगा निशुल्क स्वास्थ्य मेला डॉक्टरों ने की 749 मरीजों की जांच

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



शिविर में संबोधित करते विधायक अरविंद सिंह। • अमृत विचार

- वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल की पहल
- 167 की शुगर, 238 की बीपी जांच, 678 को दवाएं वितरित

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन यूनिवर्सिटी, वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड अस्पताल बंथरा और अवध शुगर एंड एनर्जी लिमिटेड रोजा की ओर से 5 जनवरी 2025, सोमवार को ददरौल क्षेत्र के ग्राम चांदापुर में मुफ्त स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने फीता काटकर किया।

अस्पताल के अधीक्षक डॉ. पंडित श्यामाराव पवार ने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे ताकि सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल सके और जनसेवा का कार्य आगे बढ़ता रहे। शिविर में कुल 749 मरीजों का पंजीकरण हुआ। इनमें 167 मरीजों की निशुल्क ब्लड शुगर और लगभग 238 मरीजों की ब्लड प्रेशर जांच की गई। 678 मरीजों को मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। इसके साथ ही एमआरआई, सीटी स्कैन और अन्य जांचों पर छूट के कूपन भी दिए गए। स्वास्थ्य टीम और पीआरओ ने लोगों को नियमित जांच कराने के लिए जागरूक किया और परिवार स्वास्थ्य कार्ड की जानकारी दी। यह कार्ड 200 रुपये में बनता है और एक वर्ष तक मान्य रहता है। कार्डधारक को ओपीडी पर्चा निशुल्क, दवाइयों और जांचों पर 20 प्रतिशत अतिरिक्त छूट, भर्ती फाइल निशुल्क, सामान्य ऑपरेशन पर 25 प्रतिशत और खून की आवश्यकता होने पर 10 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। शिविर में पंकज गोयंका, अवधेश गुप्ता, प्रदीप तोमर, दिनेश प्रताप सिंह, सुरेंदरपाल सिंह, अजयपाल सिंह, अचल दीक्षित, नवीन कुमार सिंह, राहुल कुमार त्यागी, हितांशु दीक्षित, रोहित राणा और बबीता सक्सेना का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में सामान्य रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, बाल रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, नाक-कान-गला रोग विभाग के डॉ. प्रतीक पाटिल, डॉ. सारांश शर्मा, डॉ. दीप्ति रानी चौहान, डॉ. योगेश पाठक, डॉ. अंजू यादव, पीआरओ विपिन शर्मा, मोहित थापा और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।



## सिटी ब्रीफ

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गॉंव मुरछी निवासी श्याम कुमार ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि आठ माह पूर्व उन्होंने अपनी बेटी अनुराधा की शादी हिंदू रीति-रिवाज से दिल्ली के कुतुब विहार फेस-2, गोयल डेरी थाना छावला निवासी विभास के साथ की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति विभास और सास विमला देवी दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल व सोने की चेन की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनों ने उसके साथ मारपीट की। पति और सास के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न की प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### नवीन परती भूमि पर कब्जे का आरोप

**खुदागंज, अमृत विचार :** ग्राम रहीमपुर में गाटा संख्या 85 की नवीन परती भूमि पर गांव के दो लोगों पर अवैध कब्जा कर दीवार बनाने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि भूमि सरकारी है और बिना अनुमति कब्जा किया जा रहा है। मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

### मार्ग निर्माण में मानक दरकिनार, शिकायत

**खुदागंज, अमृत विचार :** भूसौरी से समधाना तक प्रस्तावित तीन किलोमीटर सड़क निर्माण में मानक दरकिनार करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने जांच की मांग की है। आरोप है कि कोड पत्थर नहीं डाले गए और पुरानी सड़क को ही रोलर से दबाकर कम मात्रा में कोलतार-बजरी डाली जा रही है। आरोप है कि कोलतार कम होने से बजरी उखड़ने लगी है। वीरपाल, रामेश्वर दयाल, परमेश्वरी दयाल, नेमचंद, अनुज, बेचेलाल, नक्षत्र पाल, सुखपाल, लालाराम, मैकू, गंगादीन, मोरपाल, रंजीत, विश्राम आदि ग्रामीणों ने जांच की मांग की है।

### बिना परमिट मिट्टी खनन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** खनन अधिकारी दिनेश कुमार और पुलिस टीम गांव डिगुरपुर निवासी मुनेन्द्र सिंह के खेत पर पहुंचे, जहां अवैध मिट्टी खनन की सूचना थी। उप निरीक्षक मोहित कुमार, सौरव कुमार, आरक्षी अक्षय राठी और निखिल कुमार के साथ पहुंची टीम को देखकर ट्रैक्टर-ट्रॉली और जेसीबी चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए।

# बोर्ड की बैठक में 767 करोड़ का बजट पास

## जिला पंचायतः अवैध प्लाटिंग पर सख्ती के संकेत, बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों पर जताई सख्त नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बैठक में 2025-26 और 2026-27 का आय-व्यय का बजट पारित
- मनरेगा में 52,54,546 मानव दिवस और 22069.09 लाख स्वीकृत



विकास भवन सभागार में आयोजित जिला पंचायत बैठक में मौजूद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव व अन्य जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिला पंचायत की बैठक शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में हुई। बैठक में 12 जुलाई 2025 की कार्यवाही की पुष्टि करते हुए शिक्षा, विद्युत, नहर, कृषि, जल निगम, स्वास्थ्य, जिला पूर्ति, समाज कल्याण, जिला पंचायत राज अधिकारी और लोक निर्माण विभाग की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिला पंचायत सदस्यों के प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए।

अपर मुख्य अधिकारी ने वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित आय और व्यय बजट 767181225 रुपये तथा वर्ष 2026-27 के मूल अनुमान 532269740 रुपये को सदन में प्रस्तुत किया, जिसे पारित कर दिया गया। ब्लॉकों से प्राप्त कर सूची और मनरेगा बजट में 52,54,546 मानव दिवस और 22069.09 लाख रुपये की धनराशि को भी स्वीकृति मिली। खनन परिवहन शुल्क के मॉडल उपविधि को भी सदन की मंजूरी के लिए रखा गया, जिसके अनुसार खनन स्थल से 100 मीटर की दूरी तक जिला पंचायत शुल्क वसूल करेगी। आईजीआरएस और याचिका समिति से प्राप्त प्रस्तावों को सदन ने यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि सीमित धनराशि में अतिरिक्त कार्य संभव नहीं हैं। मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने अवैध प्लाटिंग और 300 वर्ग मीटर से अधिक के भवनों का नक्शा पास कराकर ही निर्माण कराने की अपील की। अपर मुख्य अधिकारी ने कहा कि अवैध निर्माण पर अर्थदंड और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो सकती है। बैठक में अरविंद सिंह, वीर विक्रम सिंह, सलोना कुशवाहा, सुधीर गुप्ता, डीपीएस राठौर, वीरेंद्र पाल सिंह यादव सहित सदस्य और ब्लॉक प्रमुख मौजूद रहे। अध्यक्ष ममता यादव ने आभार जताया।

### जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों की शिकायत

कांट जिला पंचायत सदस्य कुसुम मिश्रा के प्रतिनिधि नीरज मिश्र ने अध्यक्ष को पत्र देकर जल जीवन मिशन के तहत रसेम, नगलाया, बांसखेरा और भैसपकला गांवों में पाइपलाइन बिछाने के बाद गड्ढे न भरने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि गड्ढों में पानी भरने से राहगीर चोटिल हो रहे हैं। रसेम-बधदुरपुर मार्ग पर लगभग 250 मीटर खड़ंजा उखाड़े जाने की भी शिकायत की। उन्होंने अधिशासी अभियंता नहर विभाग को पत्र देकर कांट कुरिया नहर और कमालपुर रजवाहा से जुड़े कुरिया कला, नगला जाजू और लाक कौर क्षेत्र में पानी न पहुंचने की शिकायत की। उन्होंने आरोप लगाया कि सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर दो-एक दिन पानी छोड़कर औपचारिकता पूरी कर ली जाती है। उन्होंने गेहूं और गन्ने की फसलों की सिंचाई के लिए नियमित पानी छोड़े जाने की मांग की। जिला पंचायत सदस्य अनिल प्रजापति ने अपने क्षेत्र में खुदी सड़कों की शिकायत बैठक में उठाई। आरोप है कि जल जीवन मिशन के अधिकारियों ने उन्हें देख लेने की धमकी दी। इसका नीरज मिश्र, रामकुमार राठौर और ओमपाल कुशवाहा ने विरोध किया और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# सख्तीः ट्रेन में सफर करते समय पहचान पत्र रखना जरूरी

संवाददाता, शाहजहांपुर

- दूसरों के नाम से सफर करने पर देना होगा जुर्माना, दलाल से खरीद लेते हैं आरक्षित टिकट

**अमृत विचार:** रेलवे बोर्ड ने होली के समय ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। ट्रेन में स्लीपर कोच में सफर करने वाले यात्रियों को पहचान पत्र लेकर चलना जरूरी है। पहचान पत्र नहीं मिला तो जुर्माना किया जा सकता है। क्योंकि लोग दलालों से दूसरे के नाम से रिजर्वेशन टिकट लेते हैं और फर्जी नाम से सफर करते हैं।

रेलवे बोर्ड ने 04 फरवरी 26 को आदेश जारी किया है कि रिजर्वेशन टिकट पर यात्रा करने वाले यात्रियों को सफर के समय पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। यदि टीटीई पहचान पत्र मांगे तो पहचान पत्र दिखाना होगा। यदि दूसरे के नाम से रिजर्वेशन टिकट पर व्यक्ति सफर कर रहा है। उससे जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके अलावा होली पर सुरक्षा की दृष्टि से जनरल कोच में सफर करने वाले यात्रियों को भी अपने साथ पहचान पत्र रखना होगा। सफर के समय फर्जीवाड़े को रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। यात्री सफर करते समय आधार कार्ड, वोटर आईडी, पेन कार्ड, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे पहचान पत्र रख सकता है। होली के समय दलाल सक्रिय हो जाते है और दूसरों के नाम से रिजर्वेशन करा लेते है।

दलाल रिजर्वेशन टिकट अधिक दाम लेकर दूसरों को देते है। दूसरे के नाम से लोग फर्जी रिजर्वेशन टिकट पर सफर करते है। रेलवे बोर्ड ने फर्जी बाड़ा रोकने के लिए यह कदम उठाया है। रेल अधिकारियों ने बताया कि रिजर्वेशन टिकट पर सफर करने वाले यात्री को पहचान पत्र रखना जरूरी है। यदि दूसरे के नाम से रिजर्वेशन टिकट पर सफर करते पाए गए तो जुर्माना और किराया वसूल किया जाएगा।

# हजारों अभ्यासियों ने की ध्यान साधना

संवाददाता, शाहजहांपुर



रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के तीसरे चरण में दूसरे दिन ध्यान करते अभ्यासी।

- रामचंद्र मिशन आश्रम में बसंत उत्सव के तीसरे चरण का दूसरा दिन

**अमृत विचार :** राम चन्द्र मिशन आश्रम में आयोजित बसंत उत्सव-2026 के तीसरे चरण के दूसरे दिन का शुभारंभ प्रातः काल सामूहिक ध्यान साधना से हुआ। देश-विदेश से आये हजारों अभ्यासियों ने ध्यान साधना कर मानव कल्याण और विश्व शांति की कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना से आलोकित वातावरण रहा।

इस अवसर पर श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडीटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' ने अपने संदेश में कहा कि आध्यात्मिक विकास के लिए दो तत्त्व अनिवार्य हैं ग्रहण करने की इच्छा और ग्रहण करने के लिए आंतरिक रिक्तता। जो पात्र पहले से ही भरा है, उसमें और कुछ भरा नहीं जा सकता। यह इस बात का सटीक विवरण है कि चेतना में भी यही होता है जब अहंकार उस स्थान को घेर लेता है, जहां विकास घटित होना था। तिनसुकिया आसाम से आये वरिष्ठ अभ्यासी रघुवीर अग्रवाल ने बाबूजी महाराज के साथ बिताए समय की यादों को साझा किया।बसंत उत्सव के अंतर्गत आश्रम परिसर में श्रद्धा, साधना और शांति का दिव्य वातावरण रहा। सायंकालीन ध्यान सत्र में भी दाजी ने साधकों को ध्यान कराया, जिससे वातावरण और अधिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो उठा।

आयोजन को सफल बनाने में कान्हा आश्रम प्रबंधक विनीत राणावत, सर्वेश चंद्रा, माधो गोपाल अग्रवाल, ए.के. गर्ग, श्री गोपाल अग्रवाल, सुयश सिन्हा, हर्षवर्धन अग्रवाल, ममता सिंह, संजय मिश्रा, राज गोपाल अग्रवाल, प्रमोद कुमार सिंह, शुभम सक्सेना, जोन प्रभारी सौमेंद्र त्यागी, संजय श्रीवास्तव, माया सिंह, बबिता यादव,बेबी राज, कुमार अभय, विनोद श्रीवास्तव, राकेश सक्सेना, डा. प्रसन्न कुमार, के एम त्रिपाठी, डा. अनुभव सक्सेना, कृष्णा भारद्वाज आदि का योगदान रहा।

## नशे में बाइक चला रहे मास्टर की पिलर से टक्कर

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार:** शनिवार को करीब सवा ग्यारह बजे थाना पिहानी जिला हरदोई के गांव निजामपुर निवासी मास्टर शराब पीने के बाद नशे में धुत होकर बाइक से थाना क्षेत्र के गांव अंधरापुर में रहने वाले रिश्तेदार के घर जा रहे थे। वह कस्बे से होकर गुजरने वाले संपर्क मार्ग से आगे बढ़ रहे थे। कस्बे से निकलने के बाद ज्ञानदीप विद्या मंदिर स्कूल के सामने सड़क किनारे खेतों में खड़ी फसल को पशुओं से बचाने के लिए लगाए गए तारों को रोकने वाले पिलर से उनकी बाइक टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि मास्टर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक मोहित कुमार मौके पर पहुंचे और घायल को सरकारी एम्बुलेंस से उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भिजवाया। थाना प्रभारी उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि शराब पीकर बाइक चलाने के मामले में बाइक का चालान किया गया है।

# अज्ञात वाहन से टकराकर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



सत्यभान सिंह।

- सड़क पार कर रहा था, चालक वाहन लेकर फरार, परिवार में कोहराम

**अमृत विचार:** कटरा-जलालाबाद मार्ग पर छिड़कापुर गांव के सामने सड़क पार करते समय वाहन ने युवक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी कटरा पर लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक वाहन लेकर भाग गया।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव सलीमपुर खुर्द निवासी 36 वर्षीय सत्यभान सिंह शुक्रवार की दोपहर 12 बजे घर से कहकर निकले कि बरेली के फतेहगंज पूर्वी में रिश्तेदारी में जा रहे है। वह रात साढ़े नौ बजे फतेहगंज पूर्वी से अपने गांव के लिए लौट रहे थे। मीरानपुर कटरा-जलालाबाद मार्ग पर छिकड़ापुर गांव के सामने सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन ने सत्यभान सिंह को टक्कर मारकर घायल कर दिया। चालक वाहन लेकर भाग गया। कटरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सीएचसी पर भेज दिया।

जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर परिवार वाले कटरा पहुंचे। मृतक सत्यभान मजदूरी करता था। उसकी पत्नी मीरा देवी और तीन बच्चों का रो-रोकर बुराहाल है। परिवार में सिर्फ सत्यभान ही अकेला कमाने वाला था।

कटरा प्रभारी निरीक्षक अवधेश सिंह ने बताया कि मृतक सत्यभान सिंह मदनापुर क्षेत्र का रहने वाला था। उसकी किसी वाहन से टकराकर मौत हो गयी है। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### स्कूली वैन पलटी, दो बच्चे घायल

शाहजहांपुर, अमृत विचार : लखनऊ-सीतापुर मार्ग पर वनतारा गांव के सामने अचानक स्कूली वैन पलट गयी। वैन में सवार दो स्कूली बच्चे घायल हो गए। जबकि चार बच्चे सुरक्षित बच गए। लखीमपुर खीरी के जीबीगंज से दस स्कूली बच्चों को वैन शनिवार की सुबह स्कूल लेकर जा रही थी। सीतापुर मार्ग पर वनतारा गांव के सामने अचानक वैन डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। वैन में सवार पसगवां थाना क्षेत्र के गांव देवीगंज के 11 वर्षीय वंश और 12 वर्षीय अक्षत घायल हो गए। हादसे के बाद बच्चों में चीख पुकार मचने लगी। पुलिस ने लोगों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला। घायल दोनों बच्चों को मेडिकल कालेज भेज दिया। रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने दोनों बच्चों की हालत ठीक है।

# होली पर दिल्ली रूट पर दौड़ेंगी अतिरिक्त बसें, आवागमन में बनी रहेगी सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- प्रतिदिन 50 बसें चलेंगी, कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक, मिलेगी प्रोत्साहन धनराशि



शाहजहांपुर रोडवेज बस अड्डा।

**अमृत विचार :** होली के मद्देनजर यात्रियों की सुविधा के लिए स्थानीय परिवहन निगम दिल्ली रुट पर प्रतिदिन 50 बसों का संचालन करेगा। अभी तक प्रतिदिन 20 बसों का संचालन हो रहा है। चालक-परिचालक समेत सभी कर्मचारियों की 28 फरवरी से 9 मार्च तक छुट्टी पर रोक लगा दी गयी है।

स्थानीय परिवहन निगम डिपो में निगम की 151 बसें और अनुबंधित 74 बसों का संचालन हो रहा है। वर्तमान समय से दिल्ली रूट पर प्रतिदिन 20 बसों का संचालन हो रहा है। होली के मद्देनजर यात्रियों की सहूलियत के लिए दिल्ली रूट पर निगम की बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। 28 फरवरी से 09 मार्च तक दिल्ली रूट पर 30 बसें और बढ़ाई जाएगी। प्रतिदिन 50 बसों का संचालन होगा।

इस दौरान चालक-परिचालक और वर्कशाप के कर्मचारियों की छुट्टी पर रोक लगा दी गयी है। विशेष परिस्थिति में अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। इस दौरान लगातार ड्यूटी करने वाले चालक-परिचालक और वर्कशॉप कर्मचारियों के लिए प्रोत्साहन राशि भी दी जाएगी। वर्कशाप स्टाफ को सभी बसो की छोटी मोटी तकनीकी कमियां दूर करने के लिए निर्देश दे दिए गए है। चालक व परिचालक को निर्देश दिए गए है कि रास्ते में मिलने वाली सवारियों को बैठाएगे।

चालक ने बस नहीं रोकी तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लोकल रुटों पर बसों की समस्या न हो इसके लिए भी योजना पर काम किया जाएगा। एआरएम अरुण कुमार ने बताया कि यात्रियों की सहूलियत के लिए दिल्ली रूट पर बसों की संख्या बढ़ा दी जाएगी और चालक व परिचालक को विशेष परिस्थिति में अवकाश दिया जाएगा। यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि शत प्रतिशत बसें आन रोड रहेंगी।

## संदिग्ध हालात में युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**मिर्जापुर, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मिलकिया गांव में शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में 30 वर्षीय विपिन कुमार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसका शव खेत में लगे ट्यूबवेल के पास लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि विपिन कुमार की किसी से कोई पुरानी रंजिश नहीं थी और घर में भी कोई विवाद नहीं हुआ था। उन्होंने कहा कि वह पहले भी कई बार आत्महत्या का प्रयास कर चुका था, लेकिन इस बार उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी पिंकी का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी सोनी शुक्ला ने बताया कि परिजनों की ओर से पोस्टमार्टम कराने से इनकार किया गया है।

# ससुराल में आए युवक ने पेड़ से फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, शाहजहांपुर/पुवायां



मृतक के परिजन पोस्टमार्टम हाउस पर ● अमृत विचार

- परिचित के तिलक में आया था, ससुराल में रुक गया था, एक सप्ताह पूर्व अयोध्या से आया था

**अमृत विचार:** ससुराल में आए युवक ने पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। ससुराल वालों ने उसका शव सुबह लटका हुआ देखा। युवक अपनी ससुराल के गांव में एक मिलने वाले के यहां तिलक में आया था। वह अपनी ससुराल में रुक गया था। मृतक पीलीभीत जिले का रहने वाला था।

पीलीभीत जिले के थाना पिपरिया के गांव सींगीपुर निवासी 28 वर्षीय जंडैल सिंह की शादी करीब आठ साल पहले पुवायां थाना क्षेत्र के गांव सकरापुर की रहने वाली विनीता से हुई थी। वह अयोध्या में प्राइवेट फर्म में नौकरी करता था। करीब एक सप्ताह पूर्व जंडैल सिंह अपने घर पीलीभीत आया था। उसको अपनी बेटी अनन्या का मुंडन कराना था, लेकिन मुंडन की तारीख अभी तय नहीं थी। फिर भी घर में मुंडन कराने की तैयारी चल रही थी। उसकी ससुराल सकरापुर में कोई परिचित व्यक्ति रहता है। परिचित व्यक्ति के यहां शुक्रवार को तिलक था। शुक्रवार की दोपहर बाद वह अपने परिचित के यहां तिलक में आया था। वह तिलक में शामिल होने के बाद अपनी ससुराल में रुक गया। वह रात में किसी समय घर से निकला। उसने गांव के बाहर एक पेड़ से रस्सी का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली। इधर शनिवार की सुबह ससुराल वालों ने देखा कि जंडैल सिंह घर पर नहीं है। उसकी तलाश शुरू की। गांव वाले खेत पर जा रहे थे तो देखा कि एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ है। खबर सुनकर ससुराल वाले मौके पर पहुंचे और देखा कि जंडैल सिंह का शव लटका हुआ है। पुवायां पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार लिया। इधर मृतक के परिवार वाले पुवायां पहुंचे। मृतक के ताऊ पुत्तूलाल ने बताया कि उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। उसके पिता और भाई अयोध्या में काम करते है। उन्होंने कहा कि जंडैल ने फांसी क्यों लगाई, इस बारे में कुछ जानकारी नहीं है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आत्महत्या का कारण अज्ञात है और जांच की जा रही है।

### पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल

मृतक जंडैल सिंह की पत्नी विनीता अपने ससुराल में थी। उसकी पांच साल की बेटी अनन्या और एक साल का बेटी है। एक सप्ताह पूर्व अयोध्या से आया था और अयोध्या में काम करता था। उसे अपनी बेटी अनन्या का मुंडल कराना था। जंडैल चार भाइयों में सबसे बड़ा था। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

होली | होलिका दहन 3 मार्च को होगा, आठ दिन रहेंगे मांगलिक कार्य वर्जित

# होलाष्टक 24 से लगते ही बंद हो जाएंगे शुभ कार्य

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से पूर्णिमा तक रहेगा होलाष्टक काल का प्रभाव





**अमृत विचार:** इस वर्ष होलिका दहन 3 मार्च को होगा। चार मार्च को रंग खेला जाएगा। इसके चलते होलाष्टक होली से आठ दिन पहले 24 फरवरी मंगलवार से प्रारंभ हो जाएंगे। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से होलिका दहन तक लगातार आठ दिनों तक होलाष्टक का काल रहता है। इस अवधि में मांगलिक और शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार होलाष्टक के इन आठ दिनों के दौरान राजा हिरण्यकशिपु ने अपनी बहन होलिका के साथ मिलकर अपने पुत्र प्रह्लाद को भगवान विष्णु की भक्ति से दूर करने के लिए कठोर यातनाएं दी थीं। अंतिम दिन उसे जलाकर मारने का प्रयास भी किया गया था। इसी कारण इन आठ दिनों में शुभ कार्य नहीं किए जाते और अधिक से अधिक समय भगवान की भक्ति एवं पूजा-पाठ में लगाने की परंपरा है।

होलाष्टक के दिनों में भले ही विवाह आदि मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हों, लेकिन देवी-देवताओं की आराधना के लिए यह समय श्रेष्ठ माना गया है। इस अवधि में महामृत्युंजय मंत्र का जाप करने से रोगों से मुक्ति और आकस्मिक मृत्यु के संकट से रक्षा की मान्यता है। माघ पूर्णिमा से ही होली की तैयारियां प्रारंभ हो जाती हैं तथा होलिका से पूर्व आठ दिनों तक दाह-कर्म की तैयारियां की जाती हैं। होलाष्टक को मृत्यु का सूचक भी माना गया है। यदि इस दौरान किसी परिजन की मृत्यु हो जाए तो उसकी आत्मा की शांति के लिए विशेष अनुष्ठान कराए जाने चाहिए। श्री रुद्र बाला जी धाम के पं डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल ने बताया कि होलाष्टक की अधिकांश मान्यता पंजाब तथा उत्तर भारत के कुछ राज्यों में विशेष रूप से विपाशा और राप्ती नदी क्षेत्र, व्यास, रावी तथा त्रिपुष्कर क्षेत्र में मानी जाती है, जहां विवाह आदि शुभ कार्य वर्जित होते हैं। प्रभावित क्षेत्रों में लुधियाना, धवलपुर, फिरोजपुर, गुरदासपुर, होशियारपुर, कांगड़ा, कपूरथला एवं इनके समीपवर्ती स्थान शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पूरे भारत में सर्वत्र विवाह आदि शुभ कार्यों में कोई दोष नहीं माना गया है। लोक परंपरा के अनुसार जिन परिवारों में किसी की मृत्यु हुई होती है, वहां लोग शोकाकुल परिजनों को सांत्वना देने पहुंचते हैं और होली का पर्व मनाने में सहयोग स्वरूप मिठाई व फल आदि भेंट करते हैं। होलाष्टक काल में नवग्रहों का विशेष प्रभाव माना जाता है। जन्म कुंडली में किसी ग्रह की अशुभ स्थिति होने पर इस अवधि में उसकी शांति कराने से शीघ्र शुभ प्रभाव मिलने की मान्यता है। होलाष्टक का प्रत्येक दिन एक विशेष ग्रह को समर्पित बताया गया है। फाल्गुन शुक्ल अष्टमी को चंद्रमा की ऊर्जा अधिक मानी जाती है, इसलिए इस दिन चंद्र शांति करना श्रेष्ठ है। नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल तथा पूर्णिमा को राहु-केतु की शांति करने का विधान बताया गया है।

### दान, जप-तप और ग्रह शांति के लिए श्रेष्ठ माने गए हैं यह दिन



होलाष्टक से लेकर होलिका दहन तक विवाह, मुंडन सहित सनातन धर्म के सोलह संस्कारों से जुड़े शुभ कार्य नहीं किए जाते। इस अवधि में घर-गाड़ी या सोना खरीदना, नया व्यापार शुरू करना, नौकरी में परिवर्तन करना, भूमि-भवन का क्रय, गृहप्रवेश, सगाई, नामकरण, कर्णवेध, शिशु मुंडन, नया वाहन खरीदना तथा किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य करने से परहेज किया जाता है। नवविवाहिता को ससुराल में पहली होली देखने की भी मनाही बताई गई है। होलाष्टक का महत्व दान, जप और तप के संदर्भ में विशेष माना गया है। इस समय किए गए दान और साधना का फल कई गुना बढ़कर मिलने की मान्यता है। होलाष्टक हिंदू धर्म में आठ दिनों की अवधि है, जो होली से आठ दिन पूर्व प्रारंभ होकर होलिका दहन के साथ समाप्त होती है। **- पं डॉ. कान्हा कृष्ण शुक्ल**

# 16 कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की 1700 छात्राओं ने दी निपुण आंकलन परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निपुण आंकलन परीक्षा देते छात्राएं।

- परिणाम आने पर निर्धारित होगा कस्तूरबा विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के संविदा नवीनीकरण

**अमृत विचार :** जनपद के सभी विकास खंडों एवं नगर क्षेत्र में संचालित 16 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में निपुण आंकलन परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा में लगभग 1700 छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी शैक्षिक उपलब्धियों का प्रदर्शन किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि निपुण आंकलन परीक्षा का प्रश्नपत्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहजहांपुर में विशेषज्ञों ने तैयार किया था। वहां से प्रश्नपत्रों को सीधे सभी कस्तूरबा विद्यालयों के परीक्षा केंद्रों पर भेजा गया, जिससे परीक्षा की गोपनीयता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर नियुक्त परीक्षकों की देखरेख में छात्राओं का एकीकृत प्रश्नपत्र के माध्यम से सभी विषयों में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से आंकलन किया गया।

इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर कस्तूरबा विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के संविदा नवीनीकरण की प्रक्रिया भी निर्धारित की जाएगी। परीक्षा की निष्पक्षता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, जिला समन्वयकों एवं अन्य अधिकारियों ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि सभी केंद्रों पर परीक्षा सकुशल एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुई।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक
सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754

# समाधान दिवस : कलान में 65 शिकायतें आईं

## जिलाधिकारी ने 10 मामलों का मौके पर कराया निस्तारण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र लंबित मिलने पर जांच के निर्देश

संवाददाता, मिर्जापुर



तहसील कलान में आयोजित समाधान दिवस में शिकायतें सुनते जिलाधिकारी।

**अमृत विचार:** तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान कुल 65 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 10 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। बाकी शिकायतों को संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया।

कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत कलान में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन लंबित होने की शिकायत सामने आई। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी कलान अभिषेक प्रताप सिंह को जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में अवैध कब्जा, राजस्व, पुलिस, बिजली, राशन कार्ड और पेंशन से जुड़ी शिकायतें आईं। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में मिले प्रार्थना पत्रों का एक सप्ताह के भीतर प्राथमिकता से निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जो शिकायतकर्ता समाधान दिवस में आया है, उसे दोबारा चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि शिकायतों का समाधान मौके पर जाकर कराया जाए और निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता से संतुष्टि का फीडबैक लिया जाए। भूमि संबंधी मामलों में पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी कलान अभिषेक प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### 35 शिकायतों में नौ का मौके पर निस्तारण

**तिलहर, अमृत विचार :** फरवरी माह के तीसरे शनिवार को तहसील सभागार में एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान राजस्व, आपूर्ति, विद्युत, वन विभाग, पुलिस समेत अन्य विभागों से जुड़ी 35 शिकायतें सामने आईं। एडीएम के निर्देशन में नौ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष 26 मामलों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश के साथ सौंपा गया। आयोजन के दौरान विभिन्न विभागों के 21 अधिकारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर भी नाराजगी जताई गई। कार्यक्रम में एसडीएम सदानंद सरोज, तहसीलदार दीपेंद्र कुमार, आपूर्ति निरीक्षक आलोक कुमार, नईम फरीदी, सौरभ त्रिपाठी, जेबलाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बंद रेलवे फाटक खुलवाने को सौंपा ज्ञापन

**तिलहर, अमृत विचार :** मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के कई गांवों के ग्रामीणों ने एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा को ज्ञापन देकर नगर कटरा-कसरक मार्ग पर बंद रेलवे फाटकों में से एक फाटक खुलवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव परशुरामपुर, पलिया, पोशिल, हरिहरपुर समेत अन्य गांवों के लोग रेलवे फाटक बंद होने से परेशान हैं। ओवरब्रिज निर्माण के चलते सेतु निगम की ओर से दोनों फाटक बंद कर दिए गए हैं। इससे लोगों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर हुलास नगला होकर आना-जाना पड़ रहा है। एडीएम प्रशासन ने समस्या सुनने के बाद एसडीएम सदानंद सरोज को मामले को गंभीरता से देखने और उचित निस्तारण के निर्देश दिए हैं। ज्ञापन पर वीरेश सिंह एडवोकेट, कासिम खान, जितेंद्र गौतम, तफजील खान और सरवण कुमार सिंह के हस्ताक्षर हैं।

### मेडिकल बोर्ड की संस्तुति पर ही मिलेगा अवकाश

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए चिकित्सकीय अवकाश को लेकर सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। अब ऐसे कर्मियों को मेडिकल बोर्ड की संस्तुति के बाद ही अवकाश मिल सकेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी-अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर कहा है कि अक्सर देखा जा रहा है कि पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारी और कर्मचारी बिना मेडिकल बोर्ड की अनुमति के चिकित्सकीय अवकाश पर चले जाते हैं। इससे पुनरीक्षण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। पत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी से तत्काल मेडिकल बोर्ड गठित करने का अनुरोध किया गया है। स्पष्ट किया गया है कि बोर्ड की स्वीकृति के बाद ही निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों को मेडिकल अवकाश दिया जाएगा।

# मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने दिव्यांगों को बांटे उपकरण



विकास भवन में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल देकर दिव्यांगों को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना। ● अमृत विचार

संवाददाता, शाहजहांपुर

- 25 दिव्यांग लाभार्थियों को मिले ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर व अन्य सहायक साधन

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से दिव्यांगजनों को कृत्रिम सहायक उपकरण वितरित किए गए। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम में ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह, कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिंस, तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा, सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह सिनसिनवार, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण अवधेश राम, जिला कृषि रक्षा अधिकारी तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संजय कुमार मौजूद रहे। मंच पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने एक-एक कर दिव्यांग लाभार्थियों को सहायक उपकरण सौंपे और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संजय कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। कार्यक्रम के संचालन और वितरण में आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के सचिव नीरज बाजपेयी और विभागीय स्टाफ का सहयोग रहा। वितरण समारोह में सात दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल दी गई। इसके अलावा आठ ट्राई साइकिल, दो स्मार्ट केन, चार व्हीलचेयर, तीन एमआर किट और एक स्टिक दी गई। कुल 25 उपकरण लाभार्थियों को वितरित किए गए। उपकरण पाकर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे।

### वाहन मालिकों को वन टाइम टैक्स के बारे में किया जागरूक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** परिवहन निगम कार्यालय नियामतपुर में दो दिवसीय मेले को लेकर वन टाइम टैक्स के बारे में जागरूकता अभियान चलाकर वाहन मालिकों को जागरुक किया गया। अधिकारियों ने बताया कि मोटरयान कराधान अधिनियम 1997 की धारा 4 में संशोधन के बाद अब विभिन्न श्रेणियों के वाहनों को एकमुश्त कर देय होगा, जिससे बार-बार भुगतान की आवश्यकता समापत होगी। वाहन स्वामियों को बताया गया कि भाड़े पर संचालित दो पहिया बाइक पर वाहन मूल्य 12.5 प्रतिशत, तिपहिया मोटर कैब पर 7 प्रतिशत तथा दस लाख रुपये तक के मोटर कैब और मैक्सी कैब पर 10.5 प्रतिशत एकमुश्त कर निर्धारित है। दस लाख से अधिक मूल्य वाले वाहनों पर 12.5 प्रतिशत कर लागू होगा। अधिक भार वाले वाहनों पर 3 से 6 प्रतिशत तक कर देय है। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश कुमार ने बताया कि मेले का उद्देश्य कर प्रणाली को पारदर्शी और सरल बनाना है।

# एडीजी और आईजी ने लाट साहब के जुलूस वाले मार्ग का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



निकलने वाले लाट साहब जुलूस का रूट का निरीक्षण करते एडीजी और आईजी।

- निर्देश दिए संवेदनशील स्थानों पर फोर्स लगाया जाए
- बेरिकेडिंग करायी जाए, शान्ति पूर्ण सम्पन्न कराए जूलुस

**अमृत विचार:** एडीजी रमित शर्मा और आईजी अजय साहनी ने शहर में निकलने वाले बड़े लाट साहब के जुलूस के रूट का निरीक्षण किया। उन्होंने संवदेशनशील स्थानों को देखा और बेरिकेडिंग लगाने के निर्देश दिए तथा पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात किया जाए।

एडीजी रमित शर्मा ने होली पर निकलने वाले बड़े लाट साहब के जुलूस को लेकर पुलिस लाइन में थाना प्रभारियों की मीटिंग ली। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी बड़े लाट साहब और छोटे लाट साहब के निकलने वाले जुलूस को लेकर पहले से भ्रमण कर ले। संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगायी गयी, साथ ही बैरिकेडिंग करायी जाए। रंग वाले दिन प्रत्येक चौराहे पर पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगायी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि माहौल बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाए। अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। एक दिन पहले ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि यदि फोर्स की जरूरत पड़ेगी तो फोर्स दिया जाएगा। इधर उन्होंने संभ्रांत नागरिकों से बात की और कहा कि पुलिस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाए। एडीजी ने बड़े लाट साहब के निकलने वाले जुलूस के रूट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आईजी अजय साहनी, एसपी, एएसपी सिटी, एएसपी ग्रामीण, सीओ सदर, सीओ सिटी और थाना प्रभारी मौजूद रहे।

### मैनी गांव में हुई बसपा कार्यकर्ताओं की बैठक

**सिंधौली, अमृत विचार:** विकासखंड सिंधौली के मैनी गांव स्थित अंबेडकर पार्क में बहुजन समाज पार्टी की कार्यकर्ता बैठक आयोजित हुई। जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने पार्टी की नीतियों और मायावती सरकार की योजनाओं का जिक्र किया। तिलहर विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने कार्यकर्ताओं से पंचायत चुनाव में पार्टी समर्थित प्रत्याशियों को जिताने की अपील की। भावी विधानसभा प्रत्याशी ठाकुर नरेंद्र प्रताप सिंह ने किसानों को फसल का उचित मूल्य दिलाने का वादा किया। बैठक में उमेश सिंह चौहान, मोहम्मद तारिक खां, प्रमोद गौतम, रामवीर सिंह एडवोकेट, नीरज भास्कर, सरजील अहमद राईन, प्रदीप कुमार, लताफत मंसूरी, बली मोहम्मद मंसूरी, सुंदरलाल गौतम, शकील मंसूरी, राशिद मंसूरी, आसिफ मंसूरी, मोबीन मंसूरी, लतीफ मंसूरी, बागी विक्रम सिंह, राम सिंह और रविंद्र सिंह मौजूद रहे।

# चार क्विंटल कचरी-पापड़ नष्ट दो कुंतल रंगीन कचरी सीज

संवाददाता, शाहजहांपुर

- होली से पहले खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**अमृत विचार:** होली पर्व नजदीक आते ही खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें सक्रिय हो गई हैं। शनिवार को विभाग ने दो स्थानों पर छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान चार क्विंटल खराब कचरी और पापड़ नष्ट कराए गए, जबकि दो क्विंटल रंगीन कचरी सीज की गई। तीन खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

अभिहित अधिकारी चंद्रशेखर मिश्र के नेतृत्व में एक टीम ने केरूगंज स्थित जैन मार्केट में छापा मारा। यहां से करीब चार क्विंटल खराब कचरी और पापड़ बरामद हुए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कराया गया। दूसरी टीम ने पुवायां के तिकुनिया चौराहा क्षेत्र में कार्रवाई की। यहां गाजा डेयरी से मिश्रित दूध का नमूना लिया गया। अमित किराना स्टोर से बेसन और शिवम किराना स्टोर से रंगीन कचरी का नमूना भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। इसके अलावा दो क्विंटल रंगीन कचरी को सीज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि होली तक मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और संदिग्ध खाद्य पदार्थों की सख्ती से जांच की जाएगी।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो.9457833777

# वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में फोस्टैक प्रशिक्षण खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता नियंत्रण पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज सभागार में फोस्टैक प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिभागी। ● अमृत विचार

- होटल-छात्रावास कर्मियों को स्वच्छता और गुणवत्ता नियंत्रण की दी गई जानकारी
- हाथ धोने की वैज्ञानिक विधि से लेकर तेल के दोबारा उपयोग तक दी गई सीख

**अमृत विचार:** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में 21 फरवरी 2026 को "खाद्य सुरक्षा पर्यवेक्षकों एवं खाद्य संचालकों का फोस्टैक प्रशिक्षण" कार्यक्रम आयोजित किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की ओर से यह कार्यक्रम वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज और रोहिलखंड अस्पताल के सभागार में हुआ। उद्देश्य विश्वविद्यालय, छात्रावासों, होटल और खाद्य संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारियों व खाद्य व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता, गुणवत्ता नियंत्रण और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देना था, ताकि लोगों को सुरक्षित और स्वास्थ्यवर्धक भोजन मिल सके।

मुख्य प्रशिक्षिका हरचरण कौर ने सरल और व्यवहारिक तरीके से प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि भोजन की गुणवत्ता केवल स्वाद से नहीं, बल्कि स्वच्छता, भंडारण, पकाने और परोसने की सही प्रक्रिया से तय होती है। उन्होंने हाथ धोने की वैज्ञानिक विधि का प्रदर्शन करते हुए कहा कि भोजन बनाने से पहले और कच्चा सामान छूने के बाद कम से कम 20 सेकंड तक साबुन से हाथ धोना जरूरी है। उन्होंने रसोई कर्मचारियों की वेशभूषा पर भी जोर दिया और कहा कि एप्रन, सिर ढकने की टोपी और जरूरत पड़ने पर दस्ताने पहनना चाहिए। नाखून छोटे रखें, आभूषण न पहनें और बीमार होने पर भोजन न बनाएं। रसोई और भंडारण क्षेत्र में कीट नियंत्रण, ढक्कनदार डिब्बों का उपयोग और नियमित सफाई को भी जरूरी बताया। प्रशिक्षण में खाद्य पदार्थों की समाप्ति तिथि, उत्तम उपयोग तिथि और उपयोग अंतिम तिथि का अंतर समझाया गया। दोबारा पैकिंग और एक ही तेल को बार-बार गर्म करने के नुकसान पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। कृत्रिम रंग और रसायनों के सीमित उपयोग पर भी बल दिया गया। कार्यक्रम में सहायक खाद्य आयुक्त चन्द्र शेखर मिश्र मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा सीधे जनस्वास्थ्य से जुड़ा विषय है और ऐसे प्रशिक्षण से खाद्य जनित रोगों की रोकथाम संभव है। उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह ने कहा कि अस्पताल और शिक्षण संस्थानों में भोजन की गुणवत्ता बेहद महत्वपूर्ण है। प्रशासनिक अधिकारी ललित कुमार चौहान ने ऐसे कार्यक्रम आगे भी कराने की बात कही। कार्यक्रम में डॉ. विनायक कश्यप, सचिन चौहान, ग्रैंड आर्क होटल के कल्याण सिंह, अजल मिश्रा सहित कई होटल और खाद्य व्यवसायी मौजूद रहे। अंत में सभी ने अपने-अपने कार्यस्थल पर खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।



**इफ्तार**
शनिवार शाम
सुन्नी : 6:21
शिया : 6:17

**सहरी**
रविवार सुबह
सुन्नी : 5:06
शिया : 5:15

## न्यूज ब्रीफ

### 23 से 28 फरवरी तक ग्राम चौपालों का होगा आयोजन

**बदायूं, अमृत विचार :** बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि चकबन्दी आयुक्त के निर्देश पर जनपद की चकबन्दी प्रक्रियान्तर्गत ग्राम पंचायतों में चौपाल लगाई जाएगी। इनमें ग्राम वासियों की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। यह चौपाल 23 से 28 फरवरी तक चयनित ग्रामों में लगाई जाएगी।

### 27 फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि जनपद के बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेला लगेगा। जिसमें 50 से अधिक कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। जिनके माध्यम से विभिन्न पदों पर साक्षात्कार/चयन की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी।

### 26 को आएगी प्रतिनिहित विधायन समिति

**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रतिनिहित विधायन समिति की प्रथम उप समिति 26 फरवरी को जनपद में आएगी। उप समिति द्वारा राज्यकर विभाग, पंचायतीराज विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, भू-तत्व एवं खनिकर्म विभाग के जनपदीय अधिकारियों के बैठक की जाएगी। साथ ही स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा। एक दिन समिति के सदस्य जनपद में ठहरने के बाद अगले दिन लौट जाएंगे।

# चार गन्ना माफिया के खिलाफ अवैध खरीद व सरकारी कार्य में बाधा डालने की तहरीर

## गन्ना विभाग के ज्येष्ठ निरीक्षक ने नामजद करते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस को दी सूचना

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिसौली चीनी मिल बंद होने के बाद जिले में अवैध गन्ना खरीद बड़े पैमाने पर हो रही थी। गन्ना माफियाओं की खबर छपने के बाद गन्ना विभाग हरकत में आया। विभाग ने चार लोगों को नामजद करते हुए कई अन्य के खिलाफ अवैध गन्ना खरीद, धोखाधड़ी और सरकारी कार्य में बाधा डालने की तहरीर थाना सिविल लाइन पुलिस को दी है।

बिसौली की यदु शुगर मिल 17 जनवरी को गन्ने के अभाव में बंद कर दी गयी। उसके बाद शासन स्तर से कुछ अन्य चीनी मिलों को खरीद केंद्र आबंटित किए गए। जिन पर खरीद की जा रही थी। लेकिन गन्ना विभाग की लापरवाही के चलते जिले में गन्ना माफिया सक्रिय हो गये उन्होंने जगह जगह अपने क्रय केंद्र खोल कर गन्ना किसानों से अवैध खरीद शुरू कर दी। गन्ना माफिया गन्ना किसानों से औने पौने दामों पर गन्ना खरीद कर दूसरी चीनी मिलों पर बेचते थे। विभागीय लापरवाही के चलते इस बार गन्ना माफिया नहीं पकड़े गए। पिछले दो दिन से अमृत विचार ने गन्ना माफियाओं के खिलाफ खबर प्रकाशित की जिसके बाद गन्ना विभाग हरकत में आ गया। शुक्रवार को सिलहरी क्षेत्र में गन्ना विभाग ने जगह जगह छापेमारी जहां से अवैध गन्ना खरीद होती पकड़ी गयी। शनिवार को सहकारी गन्ना विकास समिति सचिव राजीव कुमार सिंह और ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक डा. प्रदीप कुमार वर्मा ने थाना सिविल लाइन पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि अवैध रूप से गन्ना खरीद करने धोखाधड़ी और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में ग्राम सिलहरी निवासी जयपाल पुत्र जागन सिंह जितेंद्र सिंह पुत्र चंद्रपाल सिंह और बरातेगदार निवासी नीरज सिंह पुत्र राजा सिंह, महताब सिंह पुत्र खूब सिंह व अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने को तहरीर दी है। तहरीर में कहा गया कि उक्त गन्ना माफिया किसानों का गन्ना कम दाम में खरीद कर दूसरी चीनी मिलों पर बेचते हैं जिससे जिले के राजस्व की हानि होती है। उक्त लोगों को कई बार चेतावनी दी गयी उसके बाद भी वह लोग अवैध रूप से गन्ना खरीदते रहे इसलिए अब उक्त लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने को तहरीर दी गयी है।



गन्ना से लदे खड़े वाहन। ● अमृत विचार

### विभाग की निष्क्रियता से सक्रिय हुए बिचौलिए

जनपद का गन्ना सात चीनी मिलें खरीद रहीं थीं जिनमें से चार चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं। अब केवल कुछ ही चीनी मिलें चल रही हैं। इसलिए गन्ना माफिया बड़े स्तर पर सक्रिय हो चुके है। गन्ना विभाग की लाख कोशिशों के बाद भी गन्ने की अवैध बिक्री पर रोक नहीं लग सकी है। जिले का एक बड़े गन्ना क्षेत्र का किसान मझावली चीनी मिल को गन्ना बेच रहा है।

> कुछ गन्ना माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही करने को पुलिस को तहरीर दी गयी है। पुलिस उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करेगी। अवैध गन्ना बिक्री पर अंकुश लगाया जा रहा है। बिचौलियों को बख्शा नहीं जाएगा। **-अशर्फी लाल**, जिला गन्ना अधिकारी

# गन्ना खरीद का लक्ष्य पूरा नहीं कर पाएगी चीनी मिल

- पन्द्रह लाख क्विंटल के सापेक्ष खरीदा दस लाख क्विंटल गन्ना
- शेखूपुर चीनी मिल प्रबंधन के आगे लक्ष्य पूरा करने की चुनौती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शासन से चीनी मिलों को गन्ना खरीद का मिला लक्ष्य किसी चीनी मिल ने पूरा नहीं किया गया है। शेखूपुर सहकारी चीनी मिल ने 15 लाख क्विंटल के सापेक्ष मात्र नौ लाख 25 हजार क्विंटल गन्ना खरीदा है। जो लक्ष्य से काफी कम है।

इस बार शेखूपुर चीनी मिल को 15 लाख क्विंटल गन्ना खरीद कर लक्ष्य दिया गया था। उक्त लक्ष्य के सापेक्ष चीनी मिल ने अब तक नौ लाख 25 हजार क्विंटल गन्ने की खरीद की है। अब चीनी मिल के पास गन्ना भी कम बचा है जिससे लक्ष्य पूरा होना असंभव है। चीनी मिल को इस बार दो गन्ना क्रय केंद्र अधिक आवंटित किए गए थे जिसे मिल को गन्ना मिल रहा है जबकि अन्य चीनी मिले गन्ने के अभाव में बंद हो चुकी हैं। किसी चीनी मिल ने गन्ना खरीद का लक्ष्य पूरा नहीं किया है। बिसौली की यदु शुगर मिल ने 9 लाख 17 हजार क्विंटल गन्ने की खरीद कर पेराई सत्र का समापन कर दिया। रजपुरा चीनी मिल ने 4 लाख 47 हजार क्विंटल, न्योली ने 3 लाख 63 हजार क्विंटल, करीमगंज ने 4 लाख 57 हजार क्विंटल, बीनस शुगर मिल ने 1 लाख 95 हजार क्विंटल, रूपापुर ने 6 लाख 31 हजार क्विटल, और फरीदपुर ने अब तक1 लाख 22 हजार क्विटल गन्ना खरीदने के बाद पेराई सत्र का समापन कर दिया। अब तक सबसे अधिक जनपद का करीब 41 लाख क्विंटल से अधिक गन्ना शेखूपुर चीनी मिल ने खरीदा है। इसमें चार चीनी मिलों ने पेराई सत्र का समापन कर दिया है।

### शेखूपुर चीनी मिल 242 घंटे रही बंद

शेखूपुर चीनी मिल इस बार विभिन्न कारणों से करीब 242 घंटे अब तक बंद रही है। जिससे मिल की पेराई भी काफी प्रभावित हुई है। मिल प्रबंधन के अनुसार नो केन के चलते मिल दो बार ही बंद हुई। जबकि यांत्रिक कमियों के चलते कुछ अधिक ही समस्या रही लेकिन अब कई दिनो से मिल गन्ना पेराई कर रही है।

# पिता पुत्र समेत चार को सुनाई 5 साल की सजा

- जान से मारने की नियत से गोली चलाने पर 17-17 हजार का जुर्माना भी डाला

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** जान से मारने की नियत से गोली चलाने और गंभीर चोटें पहुंचने के आरोपी पिता पुत्र सहित चार लोगों को अपर सत्र न्यायाधीश ने पांच-पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही उन पर 17-17 हजार रुपए का जुर्माना डाला है।

घटना साल 2017 22 दिसंबर की है। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सागर ताल निवासी हंसी पुत्र मोहम्मद हनीफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसके मोहल्ले निवासी सिराज पुत्र मोइनुद्दीन, नियाज़ पुत्र मोइनुद्दीन, एजाज व सोहवे पुत्रगण सिराज उसके घर में घुस गए। इन लोगों ने अपने हाथ में नाजायज असलाह पकड़े हुए थे। उन्हें लहराते हुए परिजनों के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी सोहवे ने उसके पुत्र अरकान को जान से मारने की नियत से तमंचे से गोली चला दी। जिससे वह बच गया। इसके बाद उन लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे उसका पुत्र अरकान गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बरेली स्थित अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस प्रकरण में अपर सत्र न्यायालय में मुकदमा चला। जिस पर न्यायाधीश ने सिराज पुत्र मोइनुद्दीन, नियाज़ पुत्र मोइनुद्दीन, एजाज व सोहवे पुत्रगण सिराज निवासी गण सागर ताल नवादा थाना सिविल लाइन पर अरकान को मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने का आरोपी मानते हुए पांच पांच साल की सजा सुनाई है। साथ ही 17-17 हजार रुपए का जुर्माना डाल है।

# नपा सभागार में होगा सफाई कर्मियों का अधिवेशन

**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ का 73 वां प्रांतीय अधिवेशन व प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को नगर पालिका परिषद के सभागार में आयोजित की जाएगी। जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामप्रसाद बाल्मीकि शामिल होंगे। संगठन के जिलाध्यक्ष सत्यवीर बाल्मीकि, नगर अध्यक्ष रमेश डी लाल बाल्मीकि, जिला महामंत्री संदीप दयाल ने जिले की सभी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के सफाई कर्मी व बाल्मीकि समाज के लोगों से आह्वान किया है कि अधिवेशन में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं पर विचार व्यक्त करें। अधिवेशन में संगठन के नगर मंत्री अरुन बाल्मीकि, महामंत्री संजीव मार्शल उर्फ गुड्डन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप रत्नाकर, विकास उर्फ कुक्कू बाल्मीकि का सहयोग रहेगा।

# आपस में भिड़े रिश्तेदार, एक युवक की मौत

- डीजे पर डांस के दौरान बहनोई से विवाद में शादी की खुशियां काफूर
- बिसौली के गांव बीघा नगला में शुक्रवार रात हुआ विवाद

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में शादी समारोह के दौरान डीजे डांस को लेकर विवाद हो गय। जिसमें कुछ लोगों ने एक युवक के साथ मारपीट की। जिसमें उसकी मौत हो गई। घटना के आरोपी भाग निकले। युवक अपने ममेरे भाई की शादी में शामिल होने आया था। युवक की मौत के बाद परिवार में मातम पसर गया है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा है। इस प्रकरण में अभी तक पीड़ित परिवार की ओर से थाने में किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।





विलाप करती पत्नी पिंकी। ● अमृत विचार

जिला संभल के थाना चंदौसी क्षेत्र के गांव मई निवासी सत्यपाल उम्र 35 साल थाना बिसौली क्षेत्र गांव बीघा नगला निवासी अपने ममेरे भाई विक्की की शादी में शामिल होने के लिए आया था। शुक्रवार की रात घर में डीजे पर नाच गाना चल रहा था। इसी दौरान जिला बरेली गांव बड़ागांव निवासी सत्यपाल के बहनोई दिनेश से कुछ लोगों का किसी बात को लेकर लड़ाई होने लगा। मारपीट होने पर सत्यपाल बीचबचाव करने लगा। बीच बचाव करने आए सत्यपाल के साथ हमलावरों ने भी मारपीट शुरू कर दी। सत्यपाल को उन लोगों ने इतना मारा कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना की सूचना परिजनों ने थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां सत्यापन को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस प्रकरण में पीड़ित की ओर से किसी के खिलाफ तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना के लेकर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार पुंडीर ने बताया कि अभी तक कोई शिकायत उन्हें नहीं मिली है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट व शिकायती पत्र मिलने के आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मामा पूरन लाल।



मृतक सत्यपाल।

# शहर में कई स्थानों पर बिजली के झूलते तारों से हादसे का खतरा

- मालवीय आवास गृह में लटक रही बिजली की केबल, सूचना देने के बाद भी नहीं की ठीक

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बिजली निगम की लापरवाही के चलते शहर में जगह जगह बिजली की केबल झूल रही हैं जिनसे लोगों को जानमाल का खतरा बना हुआ है। मालवीय आवास गृह पर बिजली की केबल जमीन तक झूल रही है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। निगम को सूचना देने के बाद भी केबल को ठीक नहीं किया गया है।

शहर से लेकर देहात क्षेत्र तक बिजली की केबल और लाइनें जर्जर स्थिति में हैं जो नीचे झूल रही हैं। इन केबल और तारों से कई बार हादसे भी हो चुके हैं फिर भी अधिकारी अनजान बने हैं। शहर में धरना प्रदर्शन के लिए कलेक्ट्रेट के निकट मालवीय आवास गृह है। यहां पर हर समय सैकड़ों लोग मौजूद रहते हैं। मालवीय आवास गृह में बिजली के खंभे से कई केबल नीचे की ओर झूल रहीं हैं। एक केबल जमीन को छू रही है। इसके नीचे बैठ कर लोग निकलते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाइडिल स्थित मुख्यालय पर अधिशासी अभियंता को कई बार इस केबल के बारे में अवगत कराया गया मगर निगम के कर्मचारी देखने को भी नहीं आए। जिससे हर समय खतरा बना रहता है। बाहर से आने वाले लोग इधर उधर घूमते रहते हैं कभी भी केबल की चपेट में आ सकते हैं।



मालवीय आवास गृह पर झूलती केबल। ● अमृत विचार

> शहर से लेकर देहात तक अनुरक्षण माह के तहत जल्द ही कार्य शुरू किया जाएगा। उस समय केबल बॉक्स और बिजली की लाइनों की मरम्मत की जाएगी। कई बार लोग शिकायत भी करते हैं। कुछ जगहों पर लाइनें ठीक भी की गई हैं। अब एक बार फिर से काम किया जाएगा। **-संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता प्रथम

### गद्दी चौक पर जमीन पर पड़ी है केबल

उधर गद्दी चौक के निकट विभाग ने खंभों पर मोटी केबल डाली है। उक्त केबल का बड़ा हिस्सा काफी दिनों से जमीन पर पड़ा है। जिससे छुट्टा गोवंश व अन्य लोगों को केबल से खतरा बना रहता है। गद्दी चौक के निकट घनी आबादी के बीच केबल घर के बाहर लटक रहीं हैं। स्थानीय गद्दी समाज के लोगों ने केबल को ऊंचा करने की मांग की लेकिन निगम ने एक बार भी मांग पर ध्यान नहीं दिया।

### सिमरिया गांव के पास लटक रहे बिजली के तार

खंभे से आने वाली बिजली की लाइनों के तार भी काफी नीचे लटक रहे हैं। ककराला रोड स्थित ग्राम सिमरिया के निकट खंभों से लाइन जर्जर स्थिति में है। कुछ समय पहले लाइन का एक तार टूट कर सड़क पर गिरा था जिससे रोड पर कई घंटे तक यातायात ठप रहा। गांव के लोगों ने रात को सूचना देकर लाइन की सप्लाई बंद करायी जिससे कोई बड़ा हादसा न हो। इस क्षेत्र में कई जगह पर लाइन काफी नीचे तक लटक रही है।

### जगह जगह खुले पड़े हैं केबल बॉक्स

निगम की लापरवाही के चलते शहर में केबल बॉक्स जगह जगह खुले पड़े हैं। जिससे लोगों को खतरा बना रहता है। कल्यान नगर में केबल बॉक्स काफी दिनो से खुला पड़ा है। मोहल्ले के लोगों ने कई बार हंगामा भी किया। केबल बॉक्स से चिपक कर एक गौवंश की मौत हो चुकी है। फिर भी निगम के अधिकारी कर्मचारी इस ओर नहीं देखते हैं। आस पास के लोगों को खतरा बना रहता है। नई सराय और बड़ा दरवाजा के निकट भी केबल बॉक्स खुला रहता है। जिससे डर की स्थिति बनी रहती है।

# दहन से पहले ही खुराफाती ने होली में लगा दी आग, गांव डरेली में तनाव

- पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया, दोबारा होली रखवाने को लेकर की बात

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव डरेला में बीती रात असामाजिक तत्वों ने गांव की फिजा और शांति को भंग करने की कोशिश करते हुए होली में उसके दहन से पूर्व ही आग लगा दी।

असामाजिक तत्वों के द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने से गांव में तनाव फैल गया। ग्रामीणों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। साथ ही दोबारा से होली रखवाने की बात कही है।



होलिका स्थल पर उपस्थित ग्रामीण। ● अमृत विचार

गांव डरेला में ग्रामीणों के द्वारा होली रखी गई है। जिसमें ग्रामीण लगातार बढ़ोत्तरी कर रहे थे। शुक्रवार की रात असामाजिक तत्वों ने होली पर आग लगा दी। आग लगते ही ग्रामीण होली वाले स्थान पर एकत्रित हो गए। उनके द्वारा विरोध किया जाने लगा। साथ ही ग्रामीण घटना को अंजाम देने वालों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। जानकारी पर गांव पहुंची पुलिस ने संभ्रांत लोगों के माध्यम से लोगों को समझाया। साथ ही दोबारा से होली रखे जाने की बात ग्रामीणों से कही। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। गांव में फिलहाल शांति है। त्योहार के दौरान शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# शाहजहांपुर के युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

- शादी समारोह में शामिल होने आया था युवक

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार:** शादी समारोह में शामिल होने आए युवक का शव गांव के पास पेड़ पर लटका मिला। जिसकी पहचान जिला शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर क्षेत्र के गांव बिनौरा निवासी 28 वर्षीय आकाश पुत्र ओमपाल के पुत्र के रूप में हुई। वह अपनी साली की शादी में शामिल होने आया था। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजन और मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव उतरना में शुक्रवार की शाम कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव कैलयाई गांव निवास कुंवर पाल कश्यप की बेटी नीरज की बारात आई थी। इसी शादी में शाहजहांपुर के थाना जैतीपुर निवासी आकाश भी शामिल होने आया हुआ था। परिजनों के मुताबिक बारात में सभी रस्में पूरी की जा रही थीं। इसी दौरान आकाश लापता हो गया था। परिजनों ने उसे आसपास तलाशा, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। रात भर आकाश का पता न चलने पर शादी की अन्य रस्में पूरी की गईं। अगली सुबह कस्बा गुलड़िया की ओर जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका होने की सूचना मिली।

पेड़ पर युवक के शव लटके होने की सूचना उसके ससुर कुंवरपाल को मिली। अन्य लोगों के साथ वह घटना वाले स्थान पर पहुंचे। यहां उन्होंने उसकी पहचान की। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का लग रहा है।

# भागवत कथा श्रवण करने वालों का सदैव होता है कल्याण

**बिल्सी, अमृत विचार :** ग्राम वन बेहटा के शिव मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा वाचक यतेंद्र ठाकुर ने कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिससे आप कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद भगवत कथा श्रवण करने से मानव का कल्याण होता है। उन्होने कहा कि मनुष्य को अपना जीवन सांसारिक भोग में नहीं कृष्ण भक्ति में बिताना चाहिए। मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है। आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय भोग में लगा है। उसका सारा ध्यान सांसारिक विषयों को भोगने में ही लगा रहता है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, सम्पदा नहीं है।

**आरक्षण** 25 से शुरू होगी मुम्बई सेन्ट्रल-काठगोदाम साप्ताहिक विशेष ट्रेन-रेलवे को मिली समय सारिणी

# होली के त्योहार को देखते हुए बढ़ाई गईं ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** होली के त्योहार पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए इज्जत नगर रेलवे प्रशासन ने साप्ताहिक सहित कुछ अन्य ट्रेनें बढ़ाने की घोषणा की है। इनमें मुम्बई सेण्ट्रल-काठगोदाम-मुम्बई सेण्ट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी 25 फरवरी से शुरू हो रही है। उक्त ट्रेन में कुल 18 कोच होंगे।

रेलवे प्रशासन ने शनिवार को बढ़ायी गयी ट्रेनों की समय सारिणी जारी करते हुए बताया कि 09075 मुम्बई सेण्ट्रल-काठगोदाम गाड़ी मुम्बई सेण्ट्रल से 25 फरवरी तथा 4, 11, 18 एवं 25 मार्च तक प्रत्येक बुधवार को तथा 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेण्ट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी काठगोदाम से 26 फरवरी तथा 5, 12, 19 एवं 26 मार्च तक प्रत्येक गुरुवार को 5 फेरों के लिए संचलन किया जायेगा।

रेलवे की समय सारिणी के अनुसार 09075 मुम्बई सेण्ट्रल-काठगोदाम साप्ताहिक विशेष गाड़ी प्रत्येक बुधवार को मुम्बई सेण्ट्रल से 10.55 बजे, बोरीवली से 11.25 बजे, वापी से 13.2 बजे, बलसाड़ से 13.24 बजे, सूरत से 14.17 बजे, बड़ोदरा से 16.15 बजे, गोधरा से 17.30 बजे, रतलाम से 20.25 बजे, नागदा से 22.05 बजे, दूसरे दिन कोटा से 00.45 बजे, गंगापुर सिटी से 2.52 बजे, हिण्डौन सिटी से 3.25 बजे, भरतपुर से 5.05 बजे, मथुरा जं. से 7. बजे, हाथरस सिटी से 7.44 बजे, कासगंज से 9.10 बजे चलकर बदायूं पहुंचेगी। यहां से 9.48 बजे, बरेली जं. से 10.50 बजे, बरेली सिटी से 11.05 बजे, इज्जतनगर से 11.25 बजे, बहेड़ी से 12.22 बजे, किच्छा से 12.40 बजे, लालकुआं से 13.15 बजे तथा हल्द्वानी से 13.50 बजे प्रस्थान कर शाम 14द्ध30 बजे काठगोदाम बजे पहुंचेगी।

वापसी में 09076 काठगोदाम-मुम्बई सेण्ट्रल साप्ताहिक विशेष गाड़ी प्रत्येक गुरुवार को काठगोदाम से 17.30 बजे, चल कर हल्द्वानी से 17.52 बजे, लालकुआं से 18.33 बजे, किच्छा से 19.9 बजे, बहेड़ी से 19.30 बजे, इज्जतनगर से 20.8 बजे, बरेली सिटी से 20.23 बजे, बरेली जं. से 20.47 बजे, बदायू से 21.31 बजे, कासगंज से 22.40 बजे, हाथरस सिटी से 23.50 बजे तथा दूसरे दिन मथुरा जं. से 01.15 बजे, भरतपुर से 03.10 बजे, हिण्डौन सिटी से 4.05 बजे, गंगापुर सिटी से 4.45 बजे, कोटा से 6.45 बजे, नागदा से 10.05 बजे, रतलाम से 10.40 बजे, गोधरा से 13.40 बजे, बड़ोदरा से 14.45 बजे, सूरत से 16.50 बजे, बलसाड़ से 17.42 बजे, वापी से 18.06 बजे तथा बोरीवली से 20.06 बजे प्रस्थान कर मुम्बई सेण्ट्रल 21.00 बजे पहुंचेगी।





रेलवे स्टेशन बदायूं। ● अमृत विचार

### यह होगा कोच प्लान

इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 5, शयनयान श्रेणी के 8, साधारण द्वितीय श्रेणी के 2 तथा जीएसएलआरडी के 2 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा ने बताया कि ट्रेनों के चलने से होली के त्यौहार पर यात्रियों को सुविधा होगी।

### रेलवे ने प्लेटफार्म पर लगाई समय सारिणी

रेलवे प्रशासन की ओर से शनिवार को उक्त ट्रेन के स्टॉपेज और संचालन की सूची रेलवे के प्लेटफार्म एक पर लगा दी गयी। रेलवे प्रशासन का कहना है कि इस समय सारिणी के बाद अन्य कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। रेलवे ने उक्त समय सारिणी अपने सभी रेलवे स्टेशनों को जारी कर दी है। जिससे यात्रियों को ट्रेन के संचालन की पूरी जानकारी हो सके।

# जिले के 286 किसानों को मिला फसल बीमा की क्षतिपूर्ति का लाभ

## होली से पहले मुख्यमंत्री ने किसानों को दिया तोहफा, सदर विधायक ने सौंपे क्षतिपूर्ति के चेक

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** होली से पहले मुख्यमंत्री ने किसानों को तोहफा दिया है। खरीफ फसल में हुए नुकसान की भरपाई करते हुए क्षतिपूर्ति के तहत सहायता राशि किसानों के खाते में भेजी है। जिले में एनआई कक्ष में हुए कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने पांच किसानों को चेक बांटे। चेक मिलने के बाद किसान प्रसन्न नजर आए।

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थी परिवारों को सहायता राशि प्रदान की। जिसका सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में देखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे सदर विधायक ने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम को देखा। साथ ही पांच किसानों को धनराशि के चेक सौंपे। सदर विधायक ने आसफपुर ब्लॉक क्षेत्र के गांव भरतपुर निवासी मूलचंद को 36323,शिवराज सिंह को 37555, मितान सिंह को 37061 दातागंज ब्लॉक के गांव नगरिया अभय निवासी मुनेंद्र पाल को 36117, वजीरगंज ब्लॉक क्षेत्र के गांव वनकोटा निवासी राकेश कुमार को 31239 धनराशि का चेक सौंपा। सहायता राशि के चेक मिलने के बाद किसान प्रसन्न दिखाई दिए। कार्यक्रम में एडीएम न्यायिक कल्पना जायसवाल, उप कृषि निदेशक मनोज कुमार, जिला कृषि अधिकारी मनोज रावत सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



किसान को चेक सौंपते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता और प्रशासनिक अधिकारी।

### खरीफ फसल में 43104 ने कराया था बीमा

खरीफ फसल के दौरान जिले के 43104 किसानों के द्वारा फसल बीमा कराया था। नामित कंपनी के द्वारा बीमा कराने वाले किसानों के बीमा की प्रीमियम धनराशि 4,87,79,980 जमा कराई गई थी। जिसके एवज में किसानों को कुल 1,62,168 धनराशि क्षतिपूर्ति के तहत दी गई।

### फसल प्रतिपूर्ति को 540 ने किया था दावा

खरीफ फसल के दौरान प्राकृतिक आपदा के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा था। जिससे किसानों को हानि हुई। इस हानि की भरपाई के लिए जिले के 540 बीमित किसानों के द्वारा क्षतिपूर्ति के लिए कृषि विभाग में दावा किया था। जांच के बाद कुल 286 किसानों की शिकायत सही पाई गई। इन किसानों को नामित बीमा कंपनी इफको टोकियो के द्वारा 1,62,168 धनराशि किसानों को क्षतिपूर्ति के तहत दी गई है।

> खरीफ फसल में बीमा कराने वाले किसानों को क्षतिपूर्ति की धनराशि नुकसान की भरपाई के लिए दी जाती है। दावा करने के बाद नामित कंपनी के द्वारा सर्वे किया जाता है। उसी अनुसार ही क्षतिपूर्ति दी जाती है। जिन किसानों का अधिक नुकसान हुआ है, उन्हें उसी अनुसार ही बीमा की राशि दी गई है। **मनोज कुमार**, उप कृषि निदेशक

# विपिन अग्रवाल बने असिस्टेंट गवर्नर

**बदायूं, अमृत विचार :** शनिवार को रोटरी क्लब अध्यक्ष रोटेरियन विपिन अग्रवाल को आगामी सत्र के लिए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर जसवीर सिंह भाटिया ने असिस्टेंट गवर्नर नियुक्त किया है। उक्त जानकारी मिलते ही रोटरी क्लब ऑफ बदायूं के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई।

सचिव मुनेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विपिन अग्रवाल पूर्व में कई बार रोटरी क्लब के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनकी कार्य कुशलता एवं कार्य करने के जुनून को देखकर ही विपिन अग्रवाल को सह मंडलाध्यक्ष बनाया गया है।

रोटरी क्लब ऑफ बदायूं सेंट्रल के सदस्य दीपक सक्सेना, कुलदीप रस्तोगी, संजय रस्तोगी, आमोद चाणक्य, अनिल गुप्ता, सुरेंद्र चाणक्य ,प्रदीप गुप्ता, सोनू गुप्ता, रविंद्र कुमार गुप्ता, अनिल गुप्ता, राममोहन अग्रवाल, डॉक्टर शरद गुप्ता, रितेश गुप्ता, विनोद गुप्ता ,नवनीत सक्सेना, सौरभ वैश्य, संदीप रस्तोगी, राजीव सक्सेना, मुकेश रस्तोगी, गोपाल रस्तोगी,आदि सदस्यों ने बधाई दी। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष नवनीत गुप्ता ''शोन्टू'',सर्वेश गुप्ता ,संजीव आहूजा ,पवन जैन ,राजेश गुप्ता,आदि ने भी बधाइयां दीं हैं।

# बिल्सी विधायक ने किया सड़कों का शिलान्यास



सड़कों का शिलान्यास करते विधायक हरीश शाक्य। • अमृत विचार

**संवाददाता, बिल्सी**

**अमृत विचार :** विधायक हरीश शाक्य ने पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित " बिल्सी से सुकटिया मार्ग एवं शहजाद नगर से खेड़ा पश्चिमी मार्ग का शनिवार को शिलान्यास किया ।

आज सड़कों का शिलान्यास करते हुए क्षेत्रीय विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि सड़कों के निर्माण से जनमानस लाभान्वित होगा। कहा पहले पक्की सड़क न होने के कारण बारिश के मौसम में निकलना मुश्किल हो जाता था। आम जनमानस को अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था । इस समस्या से निजात दिलाने की जनप्रतिनिधि होने के कारण मेरी जिम्मेदारी थी । सरकार का लक्ष्य 2047 तक भारत की अर्थव्यवस्था को दुनिया की शीर्ष पांच अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करना है । इसके अलावा सरकार गरीबी उन्मूलन, शिक्षा, स्वास्थ्य पर भी ध्यान दे रही है । उन्होंने बताया कि क्षेत्र के विकास हेतु यह शिलान्यास एक और महत्वपूर्ण कदम हैं। इन मार्गों का निर्माण न केवल आवागमन को सुगम बनाएगा, बल्कि ग्रामों को सुविधा, संपर्क और प्रगति की नई दिशा भी देगा। इस अवसर पर ओम प्रकाश सागर, अर्जुन सिंह, बादाम सिंह शाक्य , विनय सिंह, दीपक चौहान, राहुल देव शाक्य,सुधीर सोमानी, आदित्य माहेश्वरी, शिवकुमार शर्मा,रजनीश शर्मा , सोनी सिंह, उपदेश तोमर, अमित शर्मा, विपिन शर्मा, दयानंद शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# भुगतान को लेकर आशाओं ने की चर्चा



बीसीपीएम को ज्ञापन देती आशा संगिनी। • अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आशा संगिनी वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्ष जोली वैश्य के नेतृत्व में तीन दर्जन से अधिक आशा संगिनियों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहसवान में विभिन्न मदों के भुगतान को लेकर बीसीपीएम को ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष जोली वैश्य के नेतृत्व में संगठन पदाधिकारी नीलम सक्सेना मुनीषा देवी शशि सक्सेना, राजकुमारी ने चिकित्सा अधीक्षक सहसवान को दिए ज्ञापन में अवगत कराया कि आशा व संगिनी के गत काफी समय से विभिन्न भुगतान नहीं किए गए हैं, जिसमें एनसीडी आभा आरडी, आयुष्मान टीवी, मलेरिया, आशा डायरी, संस्थागत प्रसव, एचआरपी मल्टीलोड आदि पर वार्ता हुई जिसमें आश्वासन दिया गया कि सोमवार को भुगतान प्रारंभ कर दिया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में पूनम, रचना, हर देवी, शीला, मिथिलेश, देवी, लक्ष्मी देवी, राजबाला, ममता रानी सहित आदि मौजूद रहीं।

# ड्यूटी नहीं कर रहे कक्ष निरीक्षक, बीईओ को भेजा नोटिस

- हाईस्कूल गृह विज्ञान और इंटरमीडिएट इतिहास में गैर हाजिर रहे 811 परीक्षार्थी
- परीक्षा में नकलचियों को पकड़ने दौड़ते रहे सचल दल

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षकों के न पहुंचने से केंद्र व्यवस्थापकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें परीक्षा करानी मुश्किल हो रही है। कक्ष निरीक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए लगातार डीआईओएस के पास शिकायत की जा रही हैं। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए बीएसए ने डीआईओएस से मिले पत्र के बाद खंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। बीएसए ने बीईओ को आदेश दिए हैं कि शिक्षकों को तुरंत रिलीव कर बोर्ड परीक्षा में भेजा जाए।



यूपी बोर्ड परीक्षा में कक्ष निरीक्षकों की कमी से जूझ रहे केंद्र व्यवस्थापक। • अमृत विचार

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए 2699 बेसिक स्कूलों के शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। अधिकांश शिक्षकों की एसआईआर कार्य में लगे होने के कारण वे बोर्ड परीक्षा में नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिसके कारण परीक्षा में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। कक्ष निरीक्षकों की कमी के कारण केंद्र व्यवस्थापक एक कक्ष में दो शिक्षकों के स्थान पर एक एक कक्ष निरीक्षकों से काम चला रहे हैं। कक्ष निरीक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों के द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को पत्र जारी कर शिकायत दर्ज कराई जा रही है। शनिवार को संपन्न हुई परीक्षा के दौरान कंट्रोल रूम की घंटी कक्ष निरीक्षकों की कमी की शिकायत के घनघनाती रही। परीक्षा में ड्यूटी पर न आने को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने बीएसए को पत्र जारी किया है। डीआईओएस से मिले पत्र के बाद बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। जिसमें उन्होंने शिक्षकों को रिलीव करने के आदेश दिए हैं। साथ ही ड्यूटी न करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इधर शनिवार को हाईस्कूल गृह विज्ञान और ट्रेड वैकल्पिक विषयों की परीक्षा हुई। गृह विज्ञान में 11928 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 11198 उपस्थिति और 730 अनुपस्थित रहे। वैकल्पिक पेपर में पंजीकृत 272 में से 207 उपस्थित और 12 अनुपस्थित रहे। शाम की पाली में इंटरमीडिएट इतिहास विषय की परीक्षा हुई। जिसमें 11457 पंजीकृत में से 11388 उपस्थित और 69 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान सचल दलों के द्वारा केंद्रों का भ्रमण किया जाता रहा।

> कक्ष निरीक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए बीएसए को पत्र लिखा है। उनके द्वारा बीईओ को नोटिस भी जारी किया है। परीक्षा सकुशल संपन्न हो रही है। –**लालजी यादव**, डीआईओएस

# भाजपा युवा मोर्चा ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

- एआई समिट के दौरान आपत्तिजनक कृत्य का विरोध

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** कांग्रेस यूथ कार्यकर्ताओं द्वारा आयोजित तथाकथित "एआई समिट कार्यक्रम" के दौरान किए गए आपत्तिजनक एवं अमर्यादित कृत्य के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा इंदिरा चौक पर विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

विरोध प्रदर्शन में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि कांग्रेस यूथ कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह कृत्य देश की प्रतिष्ठा और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी समय-समय पर ऐसे कदम उठाती रही है, जिनसे देश की छवि पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, यह घटना भी उसी प्रवृत्ति का उदाहरण है। साथ ही कहा भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रहित, भारतीय संस्कारों और सामाजिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रकार की घटनाएं समाज और युवाओं के सामने गलत संदेश प्रस्तुत करती हैं, जिसे किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस अवसर पर गोपाल शर्मा, अजय मथुरिया, योगेश शर्मा, अनादि प्रकाश, राजीव वर्मा, प्रमोद सिंह, हरेंद्र कुमार, लालू कौशल, सनी चौहान, विवेक साहू, आदि लोग उपस्थित रहे।

# छात्र सम्मेलन में सम्मानित किए विद्यार्थी



छात्र सम्मेलन में मौजूद छात्र और शिक्षक। • अमृत विचार

**संवाददाता, बिसौली**

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव भटपुरा स्थित त्रिवेणी इंटर कॉलेज में धूमधाम के साथ छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के जूनियर हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया विद्यालय के प्रबंधक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ज्ञान सिंह पाल ने कहा कि शिक्षा वह कुंजी है जिससे दुनिया के सभी ताले खुलते हैं, शिक्षा वह शेरनी का दूध है जिसे जो पियेगा वही धाड़ेगा, शिक्षा उस चीज का नाम है जिसके द्वारा दुनिया में हर मोड़ पर हर जगह पर मान सम्मान की जिंदगी जीने का अवसर मिलता है।

प्रधानाचार्या आरती गुप्ता ने सभी आगुन्तकों को स्मृति चिन्ह देंकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन उमेश चंद्र पाल ने किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार, बृजेश कुमार सिंह, सीमा शर्मा, स्वाति मिश्रा, किरण पाल सिंह, कंचन धनगर, राधा शर्मा, साक्षी मिश्रा, अर्पणा शर्मा, गुंजन रस्तोगी, शशि दक्ष,नेहा पाल, गुप्ता रेनू गुप्ता, मनीष शर्मा, किशन पाल शर्मा, रामकुमार शर्मा कुलदीप पाराशरी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# महाविद्यालय में एनएसएस का 7 दिवसीय विशेष शिविर शुरू

**कार्यालय संवाददाता, बदायूं**

**अमृत विचार :** गिन्दो देवी महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं सभी मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्ज्वलन करके किया। इस अवसर पर प्रबंधन समिति सचिव गौरव रस्तोगी, अध्यक्ष मोनिका रस्तोगी एवं पर्व रस्तोगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रोफेसर गार्गी बुलबुल ने महिला सशक्तिकरण पर व्याख्यान दिया। सचिव गौरव रस्तोगी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अध्यक्ष मोनिका रस्तोगी ने कहा कि सेवा कार्यों से जुड़ना हमें सशक्त बनाता है। प्राचार्य प्रो. सरला देवी चक्रवर्ती ने कहा कि एनएसएस एक कार्यक्रम नहीं, सेवा की भावना जागृत करता है।



सात दिवसीय विशेष शिविर में मौजूद अतिथिगण। • अमृत विचार

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने दहगवां में किया कोल्ड स्टोरेज का उद्घाटन, किसान होंगे लाभांवित



कोल्ड स्टोर का फीता काटकर उद्घाटन करते केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा। • अमृत विचार

**संवाददाता, उस्मानपुर**

**अमृत विचार :** दहगवां में केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने शनिवार को माधव कोल्ड स्टोरेज का फीता काटकर उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि बीएल वर्मा का नरेश गुप्ता, मयंक गुप्ता, विश्वजीत गुप्ता, माधव गुप्ता, सहित अन्य लोगों ने फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। नगर पंचायत दहगवां में माधव कोल्ड स्टोरेज उद्घाटन समारोह में राज्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के किसान लंबे समय से आधुनिक भंडारण केंद्र की मांग कर रहे थे। अब आलू सहित अन्य कृषि उत्पादों को नियंत्रित तापमान में लंबे समय तक संरक्षित रखा जा सकेगा। समारोह में सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, इंजीनियर मयंक गुप्ता, भाजपा नेता विश्वजीत गुप्ता, माधव गुप्ता, टिंकू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# परीक्षार्थी एक, लगे बीस कर्मचारी, मुस्तैद रहा प्रबंधन

- सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में इतिहास की परीक्षा में एक छात्रा थी पंजीकृत

**संवाददाता, बिसौली**

**अमृत विचार :** क्षेत्र के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में शनिवार को इंटरमीडिएट इतिहास विषय की परीक्षा में मात्र एक- एक छात्रा पंजीकृत थी। केंद्र व्यवस्थापक राजकुमार शर्मा के अनुसार एक छात्रा की परीक्षा सम्पन्न कराने में लिए बोर्ड के नियमानुसार दो कक्ष निरीक्षक,दो परीक्षा प्रभारी, तीन आंतरिक सचल दल, एक अवमोचक, एक केंद्र व्यवस्थापक, एक वाह्य केंद्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, दो लिपिक, पांच चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और एक इंस्पेक्टर दो कांस्टेबल सहित बीस कर्मचारी लगे। मदन लाल इंटर कॉलेज में सुबह 3 परीक्षार्थी के सापेक्ष 3 छात्राएं उपस्थित रहीं। जबकि शाम की पाली में 3 के सापेक्ष एक हिस्ट्री के परीक्षार्थी के लिए 12 लोग लगे, ऐसा ही दृश्य बिसौली के जीजीआईसी में देखने को मिला।

इस केंद्र पर सुबह की पाली में गृह विज्ञान में 263 छात्र पंजीकृत थे, जिसमें 248 उपस्थित रहे। जबकि शाम को एक अकेले में ही परीक्षा दी।

सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज शरह बरौलिया में शनिवार को हाईस्कूल गृह विज्ञान की परीक्षा हेतु 169 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें। केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट डॉ. रत्न लाल पशुधन विकास अधिकारी बिसौली,वाह्य केंद्र व्यवस्थापक महावीर प्रसाद केएम इंटर कालेज इस्लाम कम्प्यूटर ऑपरेटर अश्वनी शर्मा सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।



परीक्षा देने के बाद बाहर निकलती छात्राएं। • अमृत विचार

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
*पतले-दुबले *गाल पिचके *कमजोर स्त्री-पुरुष *मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
वीर्य में शुक्राणु का कम होना
ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 8 फरवरी 2026, रविवार 22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# छात्राओं का संवरेगा भविष्य बनेंगी डॉक्टर और इंजीनियर

## 50 से अधिक ट्रेड में कैरियर व प्रोफेशनल कोर्स कराने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** बॉ स्कूलों की छात्राएं भविष्य में डॉक्टर और इंजीनियर के साथ अन्य पदों पर आसीन हो सकें। इसके प्रयास हो रहे हैं। उन्हें करियर व प्रोफेशनल कोर्स कराने की तैयारी बेसिक शिक्षा विभाग में हो रही है। स्कूलों में अध्ययनरत छात्राओं को 50 से अधिक ट्रेड की जानकारी दी जाएगी। इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाएगा।

जिले में 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन विद्यालयों के माध्यम से पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं को आवासीय शिक्षा दी जाती है। जिले में संचालित विद्यालयों में करीब दो हजार छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। इन विद्यालयों में शासन के निर्देश पर छात्राओं को हाईस्कूल व इंटर में करियर व प्रोफेशनल कोर्स कराने की तैयारी शुरू हो रही है।

डीसी बालिका शिक्षा ज्योत्सना सिंह ने बताया कि बॉ स्कूलों में अध्ययनरत छात्राओं को हाईस्कूल व इंटर की अर्हता वाले करियर व प्रोफेशनल कोर्स की तैयारी कराई जाएगी। छात्राओं को 50 से अधिक ट्रेड की जानकारी मिलेगी। इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाएगा। दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से छात्राओं को करियर बनाने के लिए शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स भी कराया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न माध्यमों से छात्राओं को बेहतर करियर तलाशने में मदद की जाएगी। जिससे छात्राएं इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वह रुचि के अनुसार अपना करियर संवार सकें।

### जिले के 16 विद्यालय हो चुके हैं उच्चीकृत

जिले में 18 कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इनमें से 16 विद्यालय उच्चीकृत हैं। इन विद्यालयों में कक्षा 12 तक की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। कक्षा नौ से 12 की छात्राओं को करियर कोर्स के संबंध में न सिर्फ प्रशिक्षित किया जाएगा। बल्कि उन्हें प्रोत्साहित भी किया जाएगा। बीएसए ने बताया कि शासन के निर्देश पर सभी केजीबीवी विद्यालयों में इस पहल को कराने की कवायद शुरू कर दी गई है। जल्द ही यह प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।

छात्राओं को करियर संबंधी प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही उन्हें जागरूक भी किया जाएगा। स्कूलों में छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। जिसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। –**वीरेंद्र कुमार सिंह,** बीएसए

# मारपीट के बाद इंस्टाग्राम पर वीडियो अपलोड, शिकायत

**इस्लामनगर, अमृत विचारः** नगर पंचायत रुदायन में चंदा संग्रह के दौरान हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

पीड़ित अब्दुल सलाम अंसारी पुत्र अब्दुल हमीद, निवासी मोहिउद्दीनपुर वार्ड नंबर 23, कस्बा व थाना सहसवान ने बताया कि 16 फरवरी की दोपहर करीब 2 बजे वह अपने साथियों आरिफ पुत्र प्यारे मियां (निवासी कटरा सहसवान) और जावेद पुत्र छुन्ने शाह (निवासी रुस्तम टोला सहसवान) के साथ नगर पंचायत रुदायन, थाना इस्लामनगर क्षेत्र में मदरसा गौसिया के बच्चों की तालीम व किताबों के लिए चंदा एकत्र करने पहुंचे थे। आरोप है कि इसी दौरान चार–पांच अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साथ मारपीट की। पीड़ितों का आरोप है कि भीड़ इकट्ठा कर जान से मारने की धमकी देकर वे लोग भाग निकले। मामले की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# दर्जनभर से अधिक नलकूपों के ताले तोड़कर चोरी

**कुंवरगांव, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के गांव प्रहलादपुर में मंगलवार की बीती रात चोरों ने आधा दर्जन से अधिक किसानों के निजी नलकूपों को निशाना बना लिया। चोरों ने इन नलकूपों से हजारों का सामान चोरी कर ले गए। उसके एक दिन बाद ही बुधवार की रात्रि थाना क्षेत्र के गांव हसनपुर में एक शनि मंदिर से हजारों की चोरी की घटना को अंजाम देकर फुर्र हो गए। शुक्रवार की रात चोरों ने लगभग एक दर्जन से अधिक किसानों के निजी नलकूपों को खंगाल कर वहां से हजारों का सामान चोरी कर लिया। चोरों ने निवासी हरिनगला किसान प्रमोद, कुंवरपाल, भूरे, संजू, ब्रह्म सिंह, वकील तथा बाबट निवासी किसान नेतराम, कमल, मुकेश, रोहिताश, कीर्ति भान, बेचे सहित अन्य किसानों के ट्यूबवेलों में नकब लगाकर सामान चोरी कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजेश कौशिक ने बताया कि उनके संज्ञान में ऐसी कोई घटना नहीं है तथा ना ही इस तरह की घटना की कोई भी तहरीर प्राप्त हुई है।

# ग्राम समाज की जमीन पर कब्जे की कोशिश

संवाददाता, कुंवरगांव



जमीन का नक्शा देखते राजस्व विभाग के अधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** कसेर पनौटा गांव में ग्राम समाज की भूमि पर हुए सौदों का मामला अब प्रशासन स्तर पर पहुंच गया है। राजस्व विभाग की पैमाइश में साफ हो गया है कि जिस स्थान पर दो पक्षों ने जमीन पर दावा पेश करते हुए नींव भर दी थी। वह ग्राम समाज की है। जिसे खाली कराया जाएगा। शुक्रवार को तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर जमीन की नपत कराई। इसके बाद नींव उखड़वाने के निर्देश दिए।

गांव में प्रेमपाल पुत्र जयमल ने 300 वर्ग गज भूमि का बैनामा शशिवाला पत्नी वीरेंद्र के नाम किया, जबकि विशम्बर दयाल व दीनदयाल पुत्र जयमल ने 600 वर्ग गज भूमि का बैनामा ज्ञानवती पत्नी नेमचंद के नाम किया। दोनों बैनामे करीब एक माह पूर्व हुए बताए गए हैं। दूसरी ओर नेमचंद्र उर्फ चंदू का दावा है कि लगभग 20 वर्ष पूर्व उसने जयमल से स्टांप पर जमीन अपने नाम लिखवा ली थी और तभी से वह कब्जे में है। विवाद उस समय बढ़ा जब दोनों पक्षों ने प्लाट पर अपनी-अपनी नींव भर दी। नौ फरवरी को पुलिस ने लाल सिंह, उमेश पुत्र नेमचंद्र तथा अजीत उर्फ विपिन कुमार पुत्र वीरेंद्र का शांतिभंग में चालान किया था। मामला बढ़ने पर कानूनगो सर्वेश यादव के नेतृत्व में राजस्व टीम ने पुलिस की मौजूदगी में पैमाइश की।

जांच में सामने आया कि विवादित स्थल ग्राम समाज की भूमि है, जबकि जिन खसरा नंबरों का बैनामा कराया गया है, वे अलग स्थान से संबंधित हैं। तहसीलदार बिसौली विजय शुक्ला ने बताया राजस्व टीम द्वारा जिस जमीन की पैमाइश की गई है, वह ग्राम समाज की भूमि है। दोनों पक्षों ने जिस खसरा नंबर की जमीन का बैनामा कराया है, वे वहीं जाकर अपना कब्जा लें। ग्राम समाज की भूमि पर जो नींव भरी गई है, उसे उखड़वाया जाएगा। थाना प्रभारी राजेश कौशिक ने बताया कि पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है और किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था बिगाडने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

• **तहसीलदार ने जमीन की कराई नपत, दो लोग कर रहे थे दावा**

# खेड़ादास में बंद मकानों के ताले तोड़कर जेवर-नगदी चोरी



चोरों के द्वारा खंगाली गई अलमारी को दिखाती पीड़ित महिला। • अमृत विचार



मौके पर जायजा लेती पुलिस।



चोरों के द्वारा किया गया उथल पुथल पड़ा सामान। • अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचारः** थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों चोरों ने पुलिस की नींद उड़ा रखी है। बेखौफ अज्ञात चोरों ने पुलिस के सुरक्षा दावों को ठेंगा दिखाते हुए एक ही सप्ताह में तीसरी बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा दास में चोरों ने दो बंद मकानों के ताले तोड़कर लाखों रुपये के कीमती जेवरात और बर्तन सहित अन्य सामान की चोरी की। जिसकी सूचना मिलने पर घटनास्थल की ओर आ रही पुलिस गाड़ी खराब हो गई। रात भर गाड़ी शमशान घाट पर खड़ी रही। दूसरे दिन गाड़ी सही होने के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर जाकर स्थिति का जायजा लिया, और पीड़ितों से जानकारी ली। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की।

खेड़ादास निवासी दिनेश पुत्र सोमपाल चंडीगढ़ में मजदूरी करते हैं। शुक्रवार रात चोरों ने उनके बंद घर का ताला तोड़कर अंदर रखे चांदी के आभूषण और पीतल के बर्तन चोरी कर लिए। दिनेश के भतीजे संजू ने बताया कि घर में रखा काफी कीमती सामान गायब है। इसी तरह गोविंद प्रजापति पुत्र बाबूराम के घर को भी चोरों ने निशाना बनाया। इनके यहां से चोर फूल और पीतल के बर्तनों के साथ अन्य सामान समेट ले गए। जब चोरी की सूचना पाकर मौके पर रवाना हुई फैजगंज बेहटा पुलिस की गाड़ी रास्ते में ही खराब हो गई। बताया जा रहा है कि पुलिस की गाड़ी का एक्सल टूट गया, जिसके कारण गाड़ी रात भर गांव के पास स्थित श्मशान घाट पर खड़ी रही। ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश और चर्चा है कि जब पुलिस के संसाधन ही इतने जर्जर हैं, तो वे शातिर चोरों का मुकाबला कैसे करेंगे। गांव निवासी महिला सुशीला ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य भी बाहर रहकर मेहनत-मजदूरी करते हैं। चोरों के इस सक्रिय गैंग ने पूरे क्षेत्र में दहशत पैदा कर दी है। ग्रामीण अब रात-रात भर जागकर अपने घरों की रखवाली करने को मजबूर हैं। वहीं, लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने पुलिस प्रशासन की सक्रियता पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। उधर पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

• **सूचना पर पहुंची पुलिस, पीड़ितों ली घटना की जानकारी**

• **फैजगंद में चोरों ने एक सप्ताह में तीसरी बार की घटना**

# रात में घूमता मिला मंदबुद्धि, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**कुंवरगांव, अमृत विचार :** रात को एक मंदबुद्धि युवक पुलिस को घूमता मिला। पुलिस ने उसे थाने लाकर नाम पता पूछने के बाद परिजनों को बुलाया। युवक को परिजनों को सौंप दिया गया।

पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम मढ़िया भांसी में एक व्यक्ति घूम रहा है। सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची, अज्ञात व्यक्ति को थाने लाकर शालीनता से पूछताछ की गयी। जिसमें उसने अपना नाम आरिफ पुत्र शाकिर अली मोहल्ला तकिया कस्ती व थाना कैमरी जनपद रामपुर बताया। जिसके बाद मोहल्ला तकिया के सभासद द्वारा युवक के परिजनों को जानकारी दी गई। परिजन रात में ही थाने पहुंचे, परिजनों ने बताया कि आरिफ मंदबुद्धि है। जिसका काफी समय से इलाज चल रहा है। आरिफ का इलाज कराने को उसके पिता शाकिर अली करीब 10 दिन पूर्व बड़ी ज्यारत पर आये थे। उसी दिन आरिफ कहीं चला गया। काफी तलाश किया, परन्तु कोई पता नहीं चला सका।

# साप्ताहिक बाजार में लोगों ने पकडा मोबाइल चोर



बाजार में लगी लोगों की भीड़। • अमृत विचार

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचारः** कस्बे के शनिवार साप्ताहिक बाजार में लोगों ने मोबाइल चोर को चोरी करते हुए पकड़ लिया। जिसकी उन लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर थाने ले गई।

,लोगों के मुताबिक यह बाजार मोबाइल चोरों का गढ़ बन गया है। खरीद व बिक्री के लिए आने वाले ग्राहक व किसान जरा चूके कि जेब से कीमती स्मार्ट फोन व रुपये चोर उड़ा दे रहे हैं। आए दिन किसी न किसी का मोबाइल फोन गायब हो जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक एक व्यक्ति खरीदारी करने आए व्यक्ति का मोबाइल चुरा रहा था। जिसे रंगे हाथों पकड़ लिया। जिसकी पिटाई लगाने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जिसे पुलिस थाने ले गई है।

# बिल्सी में 35 शिकायतों में से तीन का निस्तारण

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** माह के तीसरे शनिवार को सीडीओ केशव कुमार की मौजूदगी में तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। यहां कुल 35 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। जिसमें सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग, नगर पालिका, विद्युत निगम, और क्षेत्र के विभिन्न गांव में पैमाइश, कब्जा और सरकारी जमीनों पर अवैध निर्माण से संबंधित शिकायती पत्र आए। इस मौके पर एसडीएम प्रेमपाल सिंह, सीओ सुनील कुमार सिंह, तहसीलदार प्रथा सिंह, नायब तहसीलदार बदन सिंह, मोहित राठी, एसडीओ जेपी सिंह, बीईओ गौतम प्रकाश, बीडीओ सतीश चंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।



समस्याएं सुनते एसपी ग्रामीण और तहसीलदार। • अमृत विचार

### बिसौली में एसपी ग्रामीण ने सुनीं समस्याएं

**बिसौली :** शनिवार को तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण हृदयेश कठेरिया और तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने ग्रामीणों की शिकायतों को सुना। अधिकारियों ने अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया।



संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत सुनते सीडीओ केशव कुमार।

# बिल्सी में अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** तहसील परिसर में शनिवार को बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने एसडीएम पर भ्रष्टाचार और अभद्रता का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने जमकर नारेबाजी की। इसके बाद कार्रवाई के लिए तहसील दिवस में पहुंचे, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार को ज्ञापन सौंपा। बार एसोसिएशन के महासचिव ज्ञान सिंह त्यागी ने आरोप लगाया कि एसडीएम का व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति असहयोगपूर्ण और अभद्र है। उन्होंने कहा कि इससे तहसील की न्याय व्यवस्था प्रभावित हो रही है और वादकारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि एसडीएम के खिलाफ 6 फरवरी से उनके कोर्ट का बहिष्कार जारी है, जो उनके स्थानांतरण तक जारी रहेगा। प्रदर्शन में अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, ठाकुर हेमेंद्र सिंह, मुकेश कुमार सिंह, विवेक राठी, अरुण गौतम, सलीम मियां, रामप्रकाश, रामनाथ शर्मा, गिरीश बाबू, अखिलेश सक्सेना, योगेश विसारिया, मंजू यादव, आशीष शर्मा, विनोद कुमार, प्रशांत त्यागी और सोमपाल सिंह सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।




विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। • अमृत विचार

### आज बूथों पर लगेगा एसआईआर शिविर

**बदायूं, अमृत विचारः** जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। इसी के चलते 22 फरवरी को सभी बूथों पर शिविर लगाया जाएगा। जिसमें उपस्थित रहकर पदाभिहित अधिकारी दावे/आपत्तियां प्राप्त करेंगे।

# बार पदाधिकारियों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

संवाददाता,दातागंज



शपथ लेते तहसील बार वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील बार वेलफेयर एसोसिएशन तहसील में शनिवार को नवनिर्वाचित कमेटी ने शपथ ग्रहण कार्यक्रम मुख्य अतिथि सिविल जज जूनियर डिवीजन समृद्धि मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें एल्डर कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल सिंह ने अध्यक्ष, अजय कुमार गुप्ता व सामान्य सचिव संतोष कुमार सिंह यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उसके बाद सहायक चुनाव अधिकारी मोहम्मद जाहिद, आशा दीक्षित , विनोद कुमार सिंह, अजीत सिंह ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद यामीन, उपाध्यक्ष प्रथम पर ओमपाल सिंह, उपाध्यक्ष द्वितीय पर ओमेंद्र सिंह यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पर अजीत कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर सली रज्जाक, सह सचिव प्रशासन पर संदीप कुमार सिंह और सह सचिव प्रशासन बहोरन सिंह यादव एवं पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर पीयूष कुमार मौर्य को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। निर्वाचित अध्यक्ष सचिव एवं पूरी कमेटी के लिए संरक्षक जैनेंद्र पाल सिंह, नरेंद्र मोहन सक्सेना, उमेश चंद्र सक्सेना, सुखपाल सिंह यादव, आराम सिंह यादव, जाने आलम,वेद प्रकाश यादव, मोहम्मद इसहाक, बाबूराम कश्यप, राजेंद्र सिंह राठौड़, रमेश बाबू,जाने आलम आदि ने नई कमेटी को सहयोग का आश्वासन दिया। निर्वाचित अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि मेरा लक्ष्य बार को आगे बढ़ाना है। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह के रूप में भगवान श्री कृष्ण के चित्र अर्पित किए। इसके अलावा एल्डर कमेटी के लिए भी प्रतीक चिन्ह दिए एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए आभार व्यक्त किया। सामान्य सचिव संतोष कुमार सिंह यादव ने कहा कि सभी साथियों को लेकर बार का विकास प्राथमिकता है। कार्यक्रम में, चंद्रपाल सिंह यादव, राजवीर सिंह यादव, जसवीर राठौर, मंगलेश राठौर, चंद्रपाल सिंह यादव, महेश सक्सेना, दिनेश शर्मा, कुलदीप शर्मा, सहित तहसील के अधिवक्ता मौजूद रहे।

# सीबीएसई : 10वीं अंग्रेजी परीक्षा में 19 छात्र अनुपस्थित

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीबीएसई की दसवीं की अंग्रेजी परीक्षा में 19 छात्र अनुपस्थित रहे। शनिवार को सीबीएसई 10वीं की अंग्रेजी परीक्षा नौ केंद्रों पर कराई गई। अंग्रेजी दसवीं की परीक्षा में पंजीकृत 3461छात्रों में से 3442 छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि 19 छात्र परीक्षा से गैर हाज़िर रहे। बोर्ड से जुड़े राजीव मोहन पांडे ने बताया कि दसवीं की साहित्य और भाषा अंग्रेजी में 2763 छात्र शामिल हुए। जबकि दसवीं की ही इंग्लिश कम्युनिकेटिव परीक्षा में 679 छात्र बैठे। परीक्षा पूरी तरह से नकल विहीन और शांतिपूर्ण ढंग से कराई गई।

आवश्यकता है
• कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
• नर्स ANM/GNM
• पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
• आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
• रसोइया • वार्ड बॉय
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

सूचना
हमने अपने सौतेला छोटा भतीजा रतन सिंह पुत्र स्व. बलवीर सिंह निवासी राजीव कॉलोनी सुभाष नगर बरेली से गलत आचरण के कारण अपने संबंध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में वह अपने किए कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी वह मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **दशरथ सिंह पुत्र स्व. देवी सिंह निवासी प्रगति नगर करगैना बदायूं रोड बरेली।**

सूचना
हमने अपने सौतेले छोटे भाई रतन सिंह पुत्र स्व. बलवीर सिंह निवासी राजीव कॉलोनी सुभाष नगर बरेली से गलत आचरण के कारण अपने संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वह अपने किए कार्यो का स्वयं जिम्मेदार होगा हम दोनों भाइयों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रणवीर सिंह व रविंद्र सिंह पुत्रगण स्व. बलबीर सिंह निवासी सिटी एनक्लेव कॉलोनी निकट साउथ सिटी बदायूं रोड बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम उमुल वरा था जिसे बदलकर अब मैने इकरा नाज रख लिय है। भविष्य में मुझे इकरा नाज के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **इकरा नाज पुत्री चन्दा खान निवासी ग्राम व थाना निगोही तहसील तिलहर जिला शाहजहांपुर।**

परिचय सम्मेलन
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 17-18 मार्च 2026 शीघ्र पंजीयन करायें। सम्पर्क :- 9897181723, 9412466473, 9927047430, 9412048528, 9927833351, 9927324855

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

### मनचाहा गाना न बजाने पर ढोल फोड़ा, हंगामा

**सिंधौली, अमृत विचार :** बरात में ढोल पर हो रहे डांस के दौरान मनचाहा गाना न बजाने पर कुछ लोगों ने ढ़ोल फोड़ दिया। जिसके विरोध में दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दी। थाना क्षेत्र के गांव पैना बुजुर्ग में एक झाले पर शुक्रवार की शाम विवाह समारोह था। वधू पक्ष कानपुर से आया हुआ था। कार्यक्रम में ढोल पर वर पक्ष के लोग डांस कर रहे थे। एक मेहमान के मन का गाना न बजने पर उसने ढोल फोड़ दिया। जिससे नाराज हुए अन्य व्यक्ति ने पिस्टल से हवाई फायर कर दिए। बरात में अफरा-तफरी मच गयी। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुँचे। उन्होंने बताया कि जांच की जा रही है।

### ससुर और बहू को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कलान थाना क्षेत्र के गांव नई बस्ती रुकनपुर निवासी रिंकी पत्नी रवि ने एसपी को दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि शुक्रवार की शाम साढ़े छह बजे वह घर के अंदर थी। पड़ोसी मीरा, अमित, श्रीवती, पप्पू उसके घर में घुस आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने महिला को मारा पीटा। आरोप है कि आरोपी जबरन उसे घसीट कर अपने साथ ले जाने लगे। महिला ने शोर मचाया तो उसके ससुर बचाने आए तो उसकी भी पीटकर घायल कर दिया। एक सप्ताह पूर्व आरोपियों ने उसके पति को भी पीटकर घायल कर दिया था। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। एसपी ने कलान थाना प्रभारी को वैधानिक कार्यवाही के निर्देश दिए है।

### दुष्कर्म करने के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज कराई

**सिंधौली, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने दी गई तहरीर में बताया कि मंगलवार की रात उसके परिवार वाले रिश्तेदारी में गए थे। वह और उसका भाई घर में सो रहे थे। गांव का एक युवक दीवार फांदकर उसके मकान में घुस गया। आरोप है कि युवक ने उसे पकड़ लिया और दुष्कर्म करने का प्रयास किया। युवती ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### फायरिंग करने पर रिपोर्ट दर्ज

**सिधौली, अमृत विचार :** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव पैना बिजली घर के निकट झाला निवासी कुलदीप सिंह ने दी गई तहरीर में बताया कि 20 फरवरी को उनके बेटे विक्रमजीत सिंह की शादी का कार्यक्रम था। बारात जाने के बाद घर पर कुछ मेहमान मौजूद थे। शाम करीब 7 :30 बजे कार से कुछ लोग पहुंचे और ढोल बजाकर नाचने-गाने लगे। आरोप है कि उन्होंने शोर-शराबा और गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट की और हर्ष फायरिंग कर दी। पुलिस ने थाना सदर क्षेत्र के शाहमतगंज गौटिया के मंजीत सिंह व ताजवीर सिंह, बरेली के फरीदपुर क्षेत्र के जीवनजोत सिंह तथा निगोही के उदयपुर कटैया निवासी अदनान खां के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### आज रविवार को खुले रहेंगे सभी विद्यालय

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत आज 22 फरवरी को दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिए सभी कार्यालय सामान्य कार्यदिवस की तरह सुबह 10 बजे से खुले रहेंगे। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी-अपर जिलाधिकारी प्रशासन के निर्देश पर बीएसए आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार 22 फरवरी रविवार को जिला के सभी परिषदीय, मान्यता प्राप्त और सहायता प्राप्त विद्यालय भी खुले रहेंगे। इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और समस्त स्टाफ को उपस्थित रहना होगा। उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर फार्म-6 भरवाने के कार्य में बूथ लेवल अधिकारी का सहयोग करना सुनिश्चित करना होगा।

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षक संगठनों ने किया आंदोलन का ऐलान

## मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों ने संयुक्त रूप से बैठक करके लिया निर्णय

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए सेवा में बने रहने को टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किए जाने के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के विरोध में प्रदेश के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों ने संयुक्त रूप से ऐतिहासिक आंदोलन की तैयारी शुरू कर दी है। इस निर्णय से प्रदेश एवं देश के लगभग 12 लाख शिक्षकों में गहरा रोष व्याप्त है और शिक्षक आंदोलन की राह पर अग्रसर हो गए हैं।

शनिवार को शहर के एक रेस्टोरेंट में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री देवेश बाजपेई ने कहा कि अब तक शिक्षक संगठन अपने-अपने बैनर तले अलग-अलग आंदोलन कर रहे थे, लेकिन अब प्रदेश के चारों मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों ने एकजुट होकर संयुक्त संघर्ष का



शहर के होटल में आंदोलन की रणनीति बनाते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

निर्णय लिया है। वहीं, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष दिनेश गंगवार ने कहा कि सभी शिक्षक संगठनों ने टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आंदोलन करने का निर्णय लिया है, जिससे शिक्षकों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जा सके।

बैठक में आंदोलन की रूपरेखा घोषित करते हुए बताया गया कि 22 फरवरी 2026 को अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक एक्स (ट्विटर) पर हैशटैग अभियान चलाया जाएगा। इसके बाद 23 फरवरी से 25 फरवरी 2026 तक शिक्षक विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। 26 फरवरी 2026 को अपराह्न 2 बजे से 4 बजे तक संबंधित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया जाएगा तथा बीएसए कार्यालय से जिलाधिकारी कार्यालय तक पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त मार्च के तीसरे सप्ताह में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल महारैली आयोजित कर भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

बैठक में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र पाल प्रजापति, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला मंत्री विश्राम सिंह, महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष दीपिंदर कौर, निकहत परवीन, अजय वर्मा, डॉ. विनय गुप्ता, राजकुमार तिवारी, बृजेश कुमार वर्मा, विनोद कुमार, राजीव वर्मा, रमेश चंद्र, विनोद सम्राट सहित अनेक शिक्षक नेताओं ने भाग लिया।

इसके साथ ही अन्य संगठनों के पदाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता कर आंदोलन में सहभागिता की सहमति प्राप्त की गई। शिक्षक संगठनों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन शिक्षकों के सम्मान, सेवा सुरक्षा और न्याय के लिए है तथा आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

### निर्वाचन कार्यों में लापरवाही पर प्रधानाध्यापक निलंबित

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** निर्वाचन कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले में कंपोजिट विद्यालय सराय काइयां के इंचार्ज प्रधानाध्यापक शोभित श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है। बताया गया है कि उन्हें कार्यालय की ओर से तीन नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन उनका जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। साथ ही विभागीय अधिकारियों के आदेशों का पालन भी नहीं किया गया, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई।

इसी क्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय दादीउरा की अनुदेशक रुचि सिंह और उच्च प्राथमिक विद्यालय कुरसंडा, विकास खंड भावलखेड़ा की अनुदेशक सावित्री देवी के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। दोनों पर निर्वाचन कार्यों में सहयोग न करने और उच्च अधिकारियों के आदेशों का अनुपालन न करने का आरोप है। दोनों अनुदेशकों को सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है। संबंधित अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# गोष्ठी में किसानों को दी खेती की उन्नत जानकारी



खेड़ा बझेड़ा में आयोजित किसान गोष्ठी में मौजूद किसान और अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, जैतीपुर

**अमृत विचारः** गांव खेड़ा बझेड़ा में द्वारिकेश चीनी मिल फरीदपुर की ओर से किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 50 गांवों के लगभग 800 किसानों ने भाग लिया। गोष्ठी में गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ गन्ना वैज्ञानिक डॉ. सुनील विश्वकर्मा ने किसानों को अधिक पैदावार के लिए प्रशिक्षण दिया। उन्होंने गन्ने की नई प्रजातियों, रोग नियंत्रण और बीज उपचार विधि की जानकारी दी तथा कहा कि बुवाई से पहले बीज को 10 मिनट तक घोल में डुबोकर ही बोएं।

चीनी मिल के उपमहाप्रबंधक गन्ना दिनेश कुमार शर्मा ने बसंत कालीन बुवाई पर दी जा रही सुविधाओं और अनुदान की जानकारी दी और गहरी जुताई की सलाह दी।

उपमहाप्रबंधक गन्ना पी.के. चतुर्वेदी ने बताया कि कृषि यंत्र, कीटनाशक, फफूंदनाशक और सूक्ष्म पोषक तत्वों पर 25 से 50 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी अनिल कुमार त्यागी ने कहा कि द्वारिकेश चीनी मिल गन्ना भुगतान में प्रदेश में अग्रणी है। कार्यक्रम में गन्ना प्रबंधक अरविंद त्यागी, क्षेत्रीय गन्ना प्रबंधक विजय शंकर सिंह, गन्ना अधिकारी अमित कुमार, वरुण प्रताप सिंह, अनुपम मिश्रा, प्रधान प्रवेंद्र सिंह सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# अवैध टेंपो स्टैंड से तिलहर निगोही मार्ग पर लगा जाम



तिलहर-निगोही मार्ग पर इसी जगह पर जाम लगता है। ● अमृत विचार

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचारः** नगर के बाइपास स्थित तिलहर-निगोही संपर्क मार्ग पर नगर पालिका की गौशाला के सामने अवैध टेंपो और ई-रिक्शा स्टैंड संचालित होने से रोज जाम की समस्या बनी रहती है।

एक ओर निगोही के लिए और दूसरी ओर शाहजहांपुर के लिए सवारियां बैठाई जाती हैं, जिससे सड़क संकरी होने के कारण यातायात बाधित रहता है। स्कूल छुट्टी के समय छात्र-छात्राओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़क के एक ओर खड़े टेंपो और दूसरी ओर घूमते गोवंश के कारण दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

सूत्रों के अनुसार स्टैंड संचालन के नाम पर सुविधा शुल्क भी वसूला जाता है। राष्ट्रीय गौ रक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने आरोप लगाया कि गौवंश को मारकर भगाया जाता है और इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की जाएगी।

### किसानों से 23 को चीनी मिल मैदान में जुटने की अपील

**तिलहर, अमृत विचारः** भारतीय कृषक दल की ओर से किसानों से 23 फरवरी को नगर के चीनी मिल मैदान पर एकत्र होने की अपील की गई है। संगठन ने साफ कहा है कि यदि समस्याओं के समाधान के लिए वार्ता नहीं हुई तो जिला मुख्यालय खिरनीबाग तक पद मार्च किया जाएगा।

भारतीय कृषक दल की ओर से नगर की शहीद कुटी के पास 15 सूत्री मांगों को लेकर गांधीवादी सत्याग्रह शुरू किया गया था। इस आंदोलन को दो माह से अधिक समय बीत चुका है। संगठन का आरोप है कि अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई है। राष्ट्रीय महासचिव प्रमोद कुमार यादव जनसेवक ने कहा कि 23 फरवरी को सुबह 10:00 बजे तक किसान और समर्थक चीनी मिल मैदान पर जुटेंगे।

# मेघा सिटी में औषधि विक्रेता संघ की बैठक में नियम पालन पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मादक दवाओं की बिक्री व लाइसेंस नवीनीकरण पर सख्त निर्देश
- भंडारण व अभिलेख संधारण में लापरवाही न करने की चेतावनी

**अमृत विचारः** मेघा सिटी में शुक्रवार सायंकाल औषधि विक्रेता संघ शाहजहांपुर की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संचित सिंह ने की। निर्धारित समय पर बैठक शुरू होकर औपचारिक रूप से संपन्न हुई।

बैठक में महामंत्री लक्ष्मण प्रसाद, अध्यक्ष मंडल के प्रमुख नरेश चंद गुप्त सहित संगठन के पदाधिकारी और कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। जलालाबाद इकाई से अध्यक्ष आरिफ खान, महामंत्री जितेंद्र कुमार गुप्ता और कोषाध्यक्ष सौरभ गुप्ता भी शामिल हुए। नगर और ग्रामीण क्षेत्र के कई औषधि विक्रेताओं ने भी भागीदारी की। बैठक में प्रदेश स्तर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। खास तौर पर मादक औषधियों की बिक्री, भंडारण और अभिलेख



मेघा सिटी में आयोजित औषधि विक्रेता संघ की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

संधारण को लेकर नियमों के कड़ाई से पालन पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि शासन के प्रावधानों का पूरी तरह पालन किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई से बचा जा सके। जिन विक्रेताओं के अनुज्ञा पत्र का नवीनीकरण लंबित है, उन्हें समय सीमा के भीतर प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। संगठन की ओर से साफ कहा गया कि नियमों की अनदेखी की स्थिति में संबंधित व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक की शुरुआत में विशाल एजेंसी के स्वामी विशाल गुप्ता के पिता के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया गया। सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। अंत में संगठन की एकजुटता और पारदर्शिता बनाए रखने का संकल्प दोहराते हुए अध्यक्ष की अनुमति से बैठक समाप्त की गई।

### घर में घुसकर युवती से अश्लील हरकत का आरोप

**तिलहर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने घर में घुसकर बेटी से अश्लील हरकत करने और विरोध करने पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पिता के मुताबिक 11 फरवरी को गांव सियुरा निवासी सोमवीर घर में घुस आया और उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकतें कीं। शोर सुनकर परिजन पहुंचे और युवक को पकड़ लिया।

आरोप है कि सूचना मिलने पर आरोपी के पिता रामबहादुर भी मौके पर पहुंच गए और दोनों ने मिलकर पिता-पुत्री के साथ मारपीट की। इस घटना में पिता और बेटी घायल हो गए। शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने दोनों का चिकित्सीय परीक्षण कराया और पीड़िता के बयान न्यायालय में दर्ज कराए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हार्ट अटैक से हुई थी बिट्टो की मौत पीएम रिपोर्ट में पुष्टि

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** मदनापुर पुलिस ने बिट्टो देवी के शव का पोस्टमार्टम कराया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है। जबकि परिवार वाले हत्या की आशंका जता रहे थे।

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव छत्तर पटी निवासी बिट्टो देवी का शव गुरुवार की रात दस बजे घर से कुछ दूरी पर कंडे की बठिया पर मिला था। जब उसका पति सत्यपाल खेत से रात में लौटा तो पत्नी घर पर नहीं मिली थी। उसने तलाश किया तो पत्नी का शव घर से कुछ दूरी पर पड़ा था। परिवार वाले हत्या की आशंका जता रहे थे। मदनापुर पुलिस ने महिला के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है। पुलिस ने इस मामले में महिला के परिजनों को भी अवगत कराया है।

# सरकारी भूमि पर कब्जे का आरोप, कुम्हरुआ के ग्रामीणों ने समाधान दिवस में खोला मोर्चा

संवाददाता, जलालाबाद

**अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम कुम्हरूआ में सरकारी भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने तहसील समाधान दिवस में एसडीएम प्रभात राय को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने क्षेत्र पंचायत सदस्य हनीफ के नेतृत्व में यह शिकायत दर्ज कराई।

ग्रामीणों का कहना है कि गाटा संख्या 250 खाद के गड्ढे, गाटा संख्या 249क आवादी और गाटा संख्या 316 चकमार्ग के रूप में खतौनी के अभिलेखों में दर्ज हैं। आरोप है कि संग्रह अमीन कमाल किशोर पुत्र जगत सहाय तथा उनके सगे भाई प्रेमकिशोर, श्याम किशोर, राजकिशोर, सूर्यप्रकाश और अनुरुद्ध श्रीवास्तव ने इन सरकारी भूमि पर कब्जा कर कृषि कार्य शुरू कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि जब



तहसील समाधान दिवस में एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण। ● अमृत विचार

- तहसील समाधान दिवस में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन
- खाद के गड्ढे, आवादी और चकमार्ग पर कब्जे की शिकायत

वे लोग खाद के गड्ढे, आवादी और चकमार्ग को खाली करने को कहते हैं तो आरोपित उन्हें पुलिस से फर्जी मुकदमे में फंसाने, पिटवाने और जेल भिजवाने की धमकी देते हैं। इससे गांव में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि खाद के गड्ढे, आवादी और चकमार्ग को कब्जा मुक्त कराया जाए और आरोपितों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में क्षेत्र पंचायत सदस्य हनीफ, रमेश राठौर, मुंशीर, सुभाष पाल, जमीर, अशोक, कन्हैयालाल और दुर्वेश समेत अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

### धारदार हथियार से युवक को हमला कर घायल किया

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला मदराखेल निवासी राम लड़ैते ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 11 फरवरी को चार बजे उसका पुत्र कौशल मिश्रा अपने साले को कनौजिया अस्पताल के पास छोड़कर वापस आ रहा था।

आरोप है कि आनंदपुरम कालोनी में उसके बेटे पर हमला कर दिया। आरोपी अपने घर से धारदार हथियार और डंडे से प्रहार से करके घायल कर दिया। उसका बेटा बेहोश हो गया। आरोपी उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सदर बाजार पुलिस ने मोहल्ला तिलहर जई के हर्षित मौर्या, हिमांशू, दिव्यांशू समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना का कारण पुरानी रंजिश बताया जाता है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# ट्रैफिक पुलिस चालकों को कर रही परेशान

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** नगर में होली त्योहार के समय वाहनों के चालान काटे जा रहे हैं जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। लोगों ने कहा कि इस समय ट्रैफिक पुलिस जानबूझ कर लोगों को परेशान कर रही है।

कस्बे में इन दिनो ट्रैफिक पुलिस की कार्यप्रणाली से वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। जगह जगह बाइक चालकों को रोककर उनके चालान काटे जा रहे हैं जिससे सड़कों पर अनावश्यक जाम लग रहा है।

लोगों ने बताया कि होली का त्यौहार है, आना-जाना लगा रहता है। हेलमेट न होने पर ट्रैफिक पुलिस परेशान करती है। लोगों ने बताया महाराणा प्रताप चौक पर जाम की स्थिति बनी रहती है। वाहन चालकों का आरोप है कि



उझानी में वाहनों की लगी कतार।

ऑटो और ई रिक्शा चालकों को भी नियमों का हवाला देकर परेशान किया जाता है। जिससे उनको परेशानी होती है। लोगों ने कहा कि इस समय होली का त्यौहार होने से कस्बे में लोगों का आना जाना बढ़ गया है पुलिस की सख्ती कम की जाए। लोगों ने बताया कि पुलिस को देखकर लोग अपने वाहन लेकर इधर उधर भागते हैं।

# विश्व हिंदू परिषद ने धूमधाम से मनाया सामाजिक समरसता कार्यक्रम

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** ब्लाक परिसर में विश्व हिंदू परिषद द्वारा सामाजिक समरसता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देना रहा।

आयोजन में संगठन के जिला स्तरीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि समाज में व्याप्त भेदभाव और सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



बिसौली में विश्व हिंदू परिषद के कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी।

उन्होंने सामाजिक समरसता को राष्ट्र की मजबूती की आधारशिला बताते हुए कहा कि जब तक समाज संगठित और एकजुट नहीं होगा, तब तक विकास की गति पूर्ण नहीं हो सकती। वक्ताओं ने

- समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सद्भाव को बढ़ावे पर जोर
- सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर विशेष बल दिया

युवाओं से आह्वान किया कि वे सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं। कार्यक्रम में आपसी सौहार्द, समानता और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण पर विशेष बल दिया गया।

विश्व हिंदू परिषद सामाजिक समरसता कार्यक्रम, जिला-बिसौली अंकित एक बैनर कार्यक्रम स्थल पर शोभायमान था। आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

इस दौरान विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल, नगर अध्यक्ष संदीप रस्तोगी, विहिप नगर की मंत्री ज्ञानेश, नगर की उपाध्यक्ष नमन पाराशरी, नगर के सह मंत्री मनु शर्मा, नगर के सत्संग प्रमुख अवनीश, नगर की उपाध्यक्ष निर्मल कठेरिया, मातृशक्ति की संयोजक अनीता शर्मा, बजरंग दल के संयोजक अर्पित रस्तोगी, बजरंग दल के सहसंयोजक लक्ष्य पाराशरी, एवं ब्लॉक प्रमुख अमित पाठक अनेक विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

# मालगोदाम रोड से मोटरसाइकिल जनसेवा केंद्र से इनवर्टर-बैट्री चोरी

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव पैना खुर्द निवासी सुरजीत ने जीआरपी थाना में दी गई तहरीर में बताया कि रेलवे परिसर में मालगोदाम में साइड में काम करता है। 19 फरवरी की सुबह साढ़े आठ बजे उसने अपनी बाइक रेलवे परिसर में बने टीन शैड में खड़ी कर दी। उसके बाद सरिया काटने का काम करने लगा। वह दोपहर दो बजे टीन शैड परिसर खाना खाने के लिए गया। उन्होंने देखा कि बाइक नहीं खड़ी थी। उसने परिसर में बाइक तलाश की और नहीं मिली। उन्होंने जीआरपी थाना में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस चोरी गई बाइक की तलाश कर रही है।

वहीं जलालाबाद थाना क्षेत्र के गांव सरायसाधौ निवासी आशीष कुमार ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि वह जनसेवा केंद्र का संचालक हूं। 17 फरवरी की रात में चोरों ने जनसेवा केंद्र के पिछले गेट का ताला तोड़ दिया। चोर दो बैटरी, इनवर्टर, भरा हुआ गैस सिलेंडर चुराकर ले गए है। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कांट क्षेत्र के गांव से किशोरी को किया अगवा रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** कांट थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि 16 फरवरी की दोपहर दो बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री कांट किसी काम से गयी थी, जो घर वापस लौटकर नहीं आई। उसकी तलाश की और पता नहीं चला। महिला ने आरोप लगाया है कि सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला खटकाना का रोहित उसकी पुत्री को अगवा करके ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

